INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-207 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 21 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## 495 ग्राम पंचायतों में घर-घर से उठेगा कूड़ा, बनेगी डिजिटल कुंडली

### कूड़ा बीनने वालों का सर्वे, नमस्ते पोर्टल पर दर्ज होगा पूरा विवरण

### एक क्लिक पर मिलेगी कूड़ा बीनने वालों की जानकारी

### सर्वे से खुलेगी गांवों में कचरा प्रबंधन की नई राह



**यूनिक समय, मथुरा।** शहरों की तर्ज पर अब गांवों में भी घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए पंचायती राज विभाग जिले की 495 ग्राम पंचायतों में कूड़ा बीनने वालों का सर्वे कराएगा। सर्वे के बाद कूड़ा बीनने वालों का पूरा विवरण डिजिटल रूप से तैयार किया जाएगा। इसमें उनकी संख्या, निवास स्थान और परिवार के सदस्यों समेत अन्य जरूरी जानकारी दर्ज होगी।

पंचायती राज विभाग की ओर से तैयार किए जा रहे इस सर्वे का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था को व्यवस्थित करना है। सर्वे पूरा होने के बाद कूड़ा बीनने वालों से संबंधित जानकारी नमस्ते योजना पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इससे विभाग के पास एक ही स्थान पर उनका पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा और जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में संबंधित जानकारी हासिल की जा सकेगी।

विभाग के अनुसार, कूड़ा बीनने वालों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की वास्तविक स्थिति का भी आकलन किया जा सकेगा। इसके आधार पर नगर निकायों की तर्ज पर ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था को प्रभावी तरीके से लागू करने की योजना तैयार की जाएगी।

### सफाईकर्मियों का भी दर्ज होगा पूरा ब्योरा

ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात सफाईकर्मियों की जानकारी भी नमस्ते योजना पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। किस ग्राम पंचायत में कितने सफाईकर्मी कार्यरत हैं, उनका पूरा विवरण पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। इससे ग्राम पंचायतवार सफाई व्यवस्था की निगरानी आसान होगी। जिले की ग्राम पंचायतों में वर्तमान में करीब 820 सफाईकर्मी कार्यरत हैं। विभाग का मानना है कि सफाईकर्मियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से उनकी जिम्मेदारी तय करने और कार्यों की निगरानी में आसानी होगी। साथ ही किस गांव में सफाई व्यवस्था के लिए कितने कर्मचारी उपलब्ध हैं, इसकी जानकारी भी विभागीय अधिकारियों को आसानी से मिल सकेगी। अधिकारियों के अनुसार, सर्वे और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से मजबूत किया जाएगा। इससे गांवों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया को भी व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

## शुगर मिल आंदोलन से प्रशासन में हड़कंप



ट्रैक्टर में सवार होकर छाता शुगर मिल की ओर जाते किसान।



धरनास्थल के पास मौजूद किसान और पुलिसकर्मी।

### रात में पुलिस ने हटाया धरना, सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पहुंचे किसान

### बंद मिल शुरू कराने की मांग, 1000 ट्रैक्टरों से घेराव की चेतावनी

**यूनिक समय, छाता।** बंद पड़ी छाता शुगर मिल को दोबारा शुरू कराने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन सोमवार को और तेज हो गया। करीब 40 दिन से धरना दे रहे किसानों ने रविवार रात पुलिस कार्रवाई के बाद सोमवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ मिल परिसर का रुख किया। कुछ ही देर में किसानों की संख्या बढ़ गई और कई किसान मिल के अंदर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।



हंगामे को देखतीं महिलाएं।

प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल रहीं।

किसानों का आरोप है कि रविवार रात करीब तीन बजे पुलिस धरना स्थल पर पहुंची और वहां सो रहे प्रदर्शनकारियों को हटा दिया। किसानों के अनुसार, धरना स्थल पर लगा टेंट, माइक और अन्य सामान भी हटा दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सूबेदार कर्मयोगी ने वीडियो जारी कर कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने का आरोप लगाया।

हालांकि, इन आरोपों पर पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है। इसके बाद कार्रवाई के विरोध में करीब 30 गांवों में पंचायतें हुईं। सोमवार को किसानों की भीड़ बढ़ने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, एडीएम पंकज वर्मा, अमरेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। मिल के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया। आगरा-दिल्ली रेलवे लाइन पास होने के कारण रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से रेलवे ट्रैक से दूर रहने की अपील की।

### 18 साल से बंद है मिल

छाता शुगर मिल की स्थापना 1975 में हुई थी और 1978 में इसका शुभारंभ हुआ। वर्ष 2008 तक संचालन के बाद मिल बंद हो गई। किसानों का कहना है कि मिल बंद होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों के साथ स्थानीय रोजगार पर भी असर पड़ा है। किसानों की मांग है कि मिल को दोबारा शुरू कराया जाए। उनका दावा है कि मिल शुरू होने से क्षेत्र के 70 हजार से अधिक लोगों को रोजगार का लाभ मिल सकता है।

### सामान नहीं मिला तो आंदोलन तेज

किसानों ने धरना स्थल से हटाया गया सामान वापस करने की मांग की है। चेतावनी दी है कि सोमवार शाम तक सामान वापस नहीं मिला तो मंगलवार को करीब 1000 ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। आंदोलन को देखते हुए छाता और आसपास के गांवों में पुलिस बल तैनात है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। अधिकारी छाता की पल- पल की जानकारी जुटाते रहे।

### रसायनिक आग बुझाने में मिलेगी मदद

## फायर ब्रिगेड के बेड़े में शामिल हुए तीन आधुनिक वाहन

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में आग और दुर्घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की क्षमता बढ़ाई गई है। प्रदेश सरकार की ओर से फायर सर्विस को तीन आधुनिक वाहनों की सौगात मिली है। इनमें फोम टेंडर, वाटर बाउजर और रेस्क्यू टेंडर शामिल हैं। नए वाहनों से आग बुझाने और राहत-बचाव कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।



18000 लीटर टैंक वाली गाड़ी।



कैमरे वाली वाली गाड़ी।

एफएसओ नरेश कुमार सिंह ने बताया कि फोम टेंडर की मदद से रसायनिक पदार्थों से लगने वाली आग को नियंत्रित करने में सहूलियत होगी। इस वाहन से पानी और फोम का मिश्रण 9+1 के अनुपात में निकलता है। इससे ऐसी आग पर तेजी से काबू पाने में मदद मिलेगी, जिसमें सामान्य पानी का इस्तेमाल प्रभावी नहीं होता। वहीं, वाटर बाउजर में करीब 18 हजार लीटर पानी की क्षमता है।

बड़े अग्निकांड के दौरान घटनास्थल पर पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचाने में इससे फायर कर्मियों को मदद मिलेगी। इससे लंबे समय तक चलने वाले अग्निशमन अभियान में भी सुविधा होगी।

रेस्क्यू टेंडर को आधुनिक बचाव उपकरणों और थर्मल कैमरों से लैस किया गया है। भवन गिरने या मलबे में लोगों के दबने की स्थिति में इन उपकरणों की मदद से बचाव कार्य किया जा सकेगा। थर्मल कैमरों से मलबे के भीतर या गहराई में मौजूद वस्तु अथवा व्यक्ति की स्थिति का पता लगाने में सहायता मिलेगी। एफएसओ के अनुसार तीनों वाहनों के शामिल होने से फायर सर्विस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आग- दुर्घटना की घटनाओं में राहत-बचाव कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

### रेस्क्यू टेंडर में थर्मल कैमरे, मलबे से बचेंगे फंसे लोग

## 26 सितंबर तक छात्रवृत्ति डाटा लॉक नहीं तो संस्थान जिम्मेदार:डीएम

**यूनिक समय, मथुरा।** छात्रवृत्ति योजनाओं में लापरवाही पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने शिक्षण संस्थानों को सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की जिला स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति से वंचित नहीं होना चाहिए।

डीएम ने वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति से वंचित विद्यार्थियों के मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन संस्थानों ने अभी तक मास्टर डाटा लॉक नहीं किया है या पोर्टल पर आवेदन लंबित हैं, उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 26 सितंबर तक मास्टर डाटा लॉक करना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि लापरवाही से पात्र छात्र लाभ से वंचित हुआ तो संबंधित संस्थान जिम्मेदार होगा। साथ ही योजनाओं का प्रचार कर पात्र छात्रों से आवेदन कराने के निर्देश दिए।

### पात्र छात्रों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

### लंबित आवेदन तत्काल निस्तारित करने को कहा

### योजनाओं का प्रचार कर पात्र विद्यार्थियों से आवेदन कराने पर जोर

# मौसम बदला तो बढ़े वायरल बुखार के मरीज

**यूनिक समय, मथुरा।** सितंबर का महीना समाप्त होने से पहले मौसम में बदलाव का असर लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पहले जहां रोजाना करीब 180 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 200 हो गई है। इनमें सबसे अधिक मरीज वायरल बुखार और उससे जुड़ी परेशानियों के हैं।

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रवि माहेश्वरी के अनुसार, मौसम बदलने के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन दिनों रोजाना करीब 80 मरीज वायरल की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा करीब 40 मरीज लीवर संबंधी, 35 सांस की परेशानी, 15 खून की कमी और 20 मरीज पेट संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए आ रहे हैं। करीब 10 मरीज गैस और दस्त की शिकायत लेकर भी अस्पताल पहुंच रहे हैं।



जिला अस्पताल में मरीजों को देखते फिजिशियन डॉ.रवि माहेश्वरी

डॉ. माहेश्वरी ने बताया कि वायरल से पीड़ित मरीज सामान्यतः तीन से चार दिन में स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को मौसम परिवर्तन के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। बुखार, सर्दी, खांसी या शरीर में दर्द होने पर लापरवाही न बरतने और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक से परामर्श लेने को कहा है।

### जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे करीब 200 मरीज

उन्होंने मच्छरों से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा न होने देने तथा साफ–सफाई रखने की सलाह दी। खानपान में भी सावधानी जरूरी है। लोगों को घर का ताजा भोजन, स्वच्छ पानी और साफ हाथों का ध्यान रखने, खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री से बचने की सलाह दी गई है।






# एनएमएमएस में जिले के विद्यार्थियों ने रचा नया रिकॉर्ड

**यूनिक समय, मथुरा।** परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) की परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले के 1504 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

विभाग के अनुसार, जिले में अब तक एनएमएमएस के लिए यह सबसे अधिक आवेदन आए है। एनएमएमएस परीक्षा में आवेदन बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए गए।

स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों और उनके अभिभावकों को योजना के बारे में जानकारी दी। पात्र विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने ऐसे बच्चों की पहचान की, जो पढ़ाई में अच्छे हैं और छात्रवृत्ति परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### परिषदीय स्कूलों के 1504 बच्चों ने किया आवेदन, शिक्षकों की मेहनत लाई रंग

बीएसए रतन कीर्ति के निर्देशन में विद्यालयों से लेकर विकासखंड स्तर तक अभियान चलाकर बच्चों को परीक्षा के लिए जागरूक किया गया। आवेदन प्रक्रिया में आने वाली दिक्कतों को दूर करने में भी शिक्षकों और विभागीय अधिकारियों ने सहयोग किया। इसका असर आवेदन संख्या पर दिखाई दिया और इस बार 1504 विद्यार्थियों ने आवेदन कर नया आंकड़ा कायम कर दिया।

# मंदिर में चोरी से नाराज महंत, 26 सितंबर से करेंगे आमरण अनशन

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में गोवर्धन रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास महादेव मंदिर में चोरी की घटना से नाराज महंत ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। महंत बाबा चंद्रमापुरी खड़ेश्वरी ने चेतावनी दी है कि चोरों की गिरफ्तारी और चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो 26 सितंबर से मंदिर में अनिश्चितकाल के लिए ताला लगाकर आमरण अनशन करेंगे।

मंदिर में मां जगदंबा, माता शीतला, शनिदेव, नवग्रह और हनुमानजी के विग्रह विराजमान हैं। महंत के अनुसार, राधाष्टमी की रात मंदिर में चोरी हुई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई थी और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी कार्यालय में भी शिकायत की गई।

### सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध, कार्रवाई न होने पर मंदिर में लगाएंगे ताला

महंत ने बताया कि मई में भी मंदिर में हनुमानजी के विग्रह का शीश तोड़कर करीब 12 से 15 हजार रुपये चोरी किए गए थे। अब दोबारा चोरी होने से वह आहत हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई न होने पर मंदिर में पूजा–अर्चना बंद कर ताला लगा देंगे और मृत्यु तक अनशन करेंगे।

# जयगुरुदेव और वृंदावन धाम बिजलीघर की क्षमता हुई वृद्धि

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर और वृंदावन क्षेत्र में विद्युत निगम सुधार कार्य करवा रहा है। उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को और बेहतर सप्लाई मिले। इसी क्रम में सोमवार को जयगुरुदेव बिजलीघर पर पांच एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। इसकी क्षमता बढ़कर अब 25 एमवीए हो गई है। वृंदावन धाम में पांच के स्थान पर 10 एमवीए ट्रांसफार्मर स्थापित कराया गया।

इसकी क्षमता बढ़कर 15 एमवीए हो गई है। सेक्रेंडरी वर्क्स की टीम ने यह कार्य कराया। टेस्टिंग के बाद दोनों ट्रांसफार्मर नो लोड पर चार्ज कर दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता आगरा अमित श्रीवास्तव के निर्देशन में जेई संजय गोला और अन्य इंजीनियरों ने यह कार्य कराया।



क्षमता वृद्धि के दौरान मौजूद बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी।

मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि क्षमतावृद्धि से बिजलीघर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को और बेहतर सप्लाई मिलेगी।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपी को सात साल की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले अभियुक्त को कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

थाना छाता में वर्ष 2009 में दर्ज मुकदमा के मामले में एडीजे–05 मथुरा न्यायालय ने 21 सितंबर को अभियुक्त साहुन पुत्र रमान मेव निवासी विशम्भरा थाना शेरगढ़ को सात वर्ष पांच माह के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस के अनुसार, गुणवत्ता पूर्ण विवेचना और लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी से साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत किया गया।

### अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

# तेजवीर सिंह ने संभाला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का कार्यभार



जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में नए और पुराने अधिकारी के स्वागत में मौजूद पूर्व सैनिक आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर जगवीर सिंह (नेवी) के स्थानांतरण के बाद कर्नल तेजवीर सिंह ने नए अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कमांडर जगवीर सिंह ने उन्हें विधिवत कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर इंडियन एक्स सर्विसेज लीग उत्तर प्रदेश के कोऑर्डिनेटर खेमचंद शर्मा, नगेश रामपाल सिंह (नेवी), कैप्टन भंवर सिंह, जिला सैनिक संघ के कैप्टन जवाहरलाल, वरिष्ठ लिपिक मनोज कुलश्रेष्ठ, नरेश यादव, रामवीर सिंह, बृज सिंह पांडव सहित पूर्व सैनिक मौजूद रहे। वीरनारी रचना, सुधा, त्रिवेणी, सीमा और शशि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। पूर्व सैनिकों ने नवागत अधिकारी कर्नल तेजवीर सिंह का स्वागत किया और कमांडर जगवीर सिंह को विदाई दी।

# लायंस क्लब दिल्ली श्री राधा का स्थापना समारोह संपन्न

**यूनिक समय, वृंदावन।** लायंस क्लब ऑफ दिल्ली श्री राधा का पांचवां स्थापना एवं चार्टर समारोह रुक्मणि विहार स्थित रॉयल भारती में संपन्न हुआ। समारोह में लायन विनोद जायसवाल को वर्ष 2026–27 के लिए क्लब अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, युवा सशक्तीकरण और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

संचालन मीडिया अध्यक्ष लायन सुधीर शुक्ला ने किया। लायन रिचा शर्मा ने अतिथियों को मंच पर आमंत्रित किया। लायन राधा बल्लभ ने प्रार्थना और लायन बी.एल. गुप्ता ने लायंस आचार संहिता का वाचन किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद लायन सुशील कुमार ने गणपति वंदना-राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। पूर्व अध्यक्ष लायन पूनम गोयल ने 206 विद्यार्थियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया, जबकि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दी गई। समारोह की अध्यक्षता लायन प्रीति होरा ने की। जिला अध्यक्ष लायन संदीप कुमार सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। लायन तेज पाल सिंह खिल्लों ने संबोधित किया। लायन सुनीता जेटली ने आभार जताया।

# राधकुंड में डूबा युवक, पुलिस ने नहीं किया महिलाओं का सहयोग

**यूनिक समय, मथुरा।** दोस्तों के साथ बिहार से मथुरा–वृंदावन दर्शन करने आए एक युवक की राधाकुंड में डूबने के कारण मौत हो गई। साथ आए दोस्त उसे छोड़ कर भाग गए।

बताया गया कि शंकरपुर मुंगेर बिहार निवासी युवक आयुष अपने दोस्तों के साथ मथुरा–वृंदावन दर्शन करने के लिए आया था। सभी दोस्त वृदावन के गोपाल गौरी आश्रम में ठहरे हुए थे। बताया गया कि सभी दोस्त कल गोवर्धन राधाकुंड के लिए गए थे। राधाकुंड में आयुष डूब गया। उसे पानी से निकाल कर गोवर्धन के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने परिवार के लोगों को इसकी सूचना दी। दोस्त उसे छोड़ कर वापस भाग गए। पुलिस से मिली सूचना पर उसके परिवार की महिलाएं रात को गोवर्धन हॉस्पिटल पहुंच गई।

परिवार की महिलाओं ने बताया कि आयुष बीए में पढ़ रहा था। दोस्तों के साथ आया था। महिलाओं का कहना है कि गोवर्धन पुलिस का आचरण बेहद खराब था। महिलाएं आयुष के शव को देखने के लिए वहां बैठी रहीं। पुलिस शव को बिना बताए मथुरा पोस्टमार्टम के लिए ले गए। रात में महिलाओं की सुरक्षा का भी पुलिस ने ध्यान नहीं रखा कि वे रात में कैसे रहेंगी।

# व्यापारियों की समस्याओं पर नगर आयुक्त ने दिए समाधान के निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर की व्यापारिक समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त ओजस्वी राज के साथ व्यापारियों बैठक हुई। बैठक में नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। नगर आयुक्त ने समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में व्यापारियों ने नगर आयुक्त को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।



अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह का स्वागत करते व्यापारी, साथ हैं नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

व्यापारियों ने सेठबाड़ा में सड़क, प्रकाश और सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था, गोविंदगंज सब्जी मंडी में सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था, घीया मंडी में शौचालय और प्याऊ बनाने की मांग रखी।

इस अवसर पर स्थानांतरित अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह को व्यापारियों ने पटका और दुशाला पहनाकर विदाई दी। वहीं नवनियुक्त अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह का पुष्पगुच्छ और पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य निर्माण अभियंता संजय चौहान, अभियंता अमरेंद्र गौतम, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल सहित व्यापार मंडल और विभिन्न बाजार समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में आमने-सामने आए दो पक्ष, गांव में मचा हड़कंप

### लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर लेकर भिड़े लोग, फायरिंग की सूचना से दहशत

### पुलिस ने मौके से तौफीक को दबोचा, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के ग्राम अकातिया में रविवार रात मुकदमेबाजी और पुरानी रंजिश ने ऐसा तूल पकड़ा कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और अन्य हथियार निकल आए। एक-दूसरे पर हमला करने के साथ जान से मारने की धमकियां दी गईं।

विवाद के बीच फायरिंग की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। डर के कारण ग्रामीणों ने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लीं। सूचना मिलते ही गोवर्धन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक दोनों पक्षों के लोग आपस में झगड़ रहे थे। पुलिस टीम ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी तौफीक को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से ईंट-पत्थरों के टुकड़े और चप्पलें भी बरामद की हैं। इन्हें कब्जे में लेकर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। साथ ही फायरिंग की सूचना की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।






## युवक की मौत पर उठे सवाल परिजन बोले- हादसा नहीं हत्या


जांच की मांग को लेकर सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे मृतक के परिजन।

### तीन लोगों पर हत्या का शक जताकर एसएसपी से की कार्रवाई की मांग

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन के गांठौली रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप चार दिन पूर्व घायल अवस्था में मिले युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस जहां युवक की मौत को सड़क हादसा बता रही है, वहीं परिजन इसे हत्या बताते हुए सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने तीन लोगों पर हत्या का शक जताते हुए कार्रवाई की मांग की।

पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर को गांठौली के समीप शराब के ठेके और पेट्रोल पंप के पास एक युवक घायल अवस्था में मिला था। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाने के साथ परिजनों को सूचना दी। घायल की पहचान कैलाश सिंह निवासी बरौली थोक, डीग, राजस्थान के रूप में हुई। परिजन उसे उपचार के लिए डीग के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

मौत के बाद कैलाश सिंह की पत्नी, भाई और बेटा बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि गोवर्धन पुलिस मामले को दुर्घटना बताकर दबाने का प्रयास कर रही है। उनका दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में दुर्घटना की स्थिति स्पष्ट नहीं होती। परिजनों का आरोप है कि कैलाश को घर से बुलाया गया था और इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने तहरीर में तीन लोगों के नाम देते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## ईंट मंडी मेले में झूले को लेकर बवाल, पथराव

### दो पक्षों में मारपीट से मची भगदड़, सड़क पर यातायात भी प्रभावित

### पुलिस पहुंचने पर कई आरोपी भागे, 15 नामजद और 10-15 अज्ञात

**यूनिक समय, मथुरा।** जमुनापार थाना क्षेत्र में राया रोड स्थित ईंट मंडी में लगे मेले में रविवार की रात झूले पर झूलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट और पथराव में बदल गया। मेले में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मुख्य सड़क पर भी यातायात प्रभावित हुआ।

पुलिस के अनुसार, रात करीब 9:30 बजे विवाद की सूचना मिली। उपनिरीक्षक मिथिलेश उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो दोनों पक्षों के लोग झगड़ते और एक-दूसरे पर पथराव करते मिले। पुलिस को आता देख कई लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल तैनात किया।

पुलिस के अनुसार, मामले में विजय, अजय, गौतम प्रकाश, जितेंद्र, रामप्रकाश, पवन, रोहित, विवेक, कुंदन, नीरज, अरविंद कुमार, मोहन, ओंकार, अखिल और सुमित के नाम सामने आए हैं।

इसके अलावा 10 से 15 अज्ञात लोगों की भी जानकारी मिली है। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की भूमिका और घटना से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। क्षेत्र में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

पुलिस ने विजय, अजय, गौतम प्रकाश, जितेंद्र उर्फ सीटू, ओमप्रकाश, पवन, रोहित, विवेक, अरविंद कुमार, मोहन, ओमकार, अखिल, सुमित निवासी शिव नगर कॉलोनी से गिरफ्तार किया है।

## दीनदयाल धाम में यूजीसी का विरोध, वापस लेने की मांग



सोमवार को यूजीसी के विरोध में दीनदयाल स्मारक के सामने विरोध करते युवा।

**यूनिक समय, फरह।** यूजीसी का विरोध अब पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली दीनदयाल धाम तक आ पहुंचा। सोमवार को युवाओं ने यूजीसी के विरोध में दीनदयाल स्मारक के सामने खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। यूजीसी बिल को सामाजिक समरसता के खिलाफ बताते हुए वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान प्रधान प्रतिनिधि श्याम सुंदर पाठक ने कहा कि यूजीसी बिल की वजह से समाज फिर से विघटन की राह पर है। वैमनस्यता का भाव जो समाप्त हो हो रहा था, वह इस बिल की वजह से फिर उभरने लगा है। यूजीसी को लेकर लाया गया नया बिल समाज में खाई पैदा करने का काम करेगा, इसलिए केंद्र सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करके वापस लेने का काम करना चाहिए।

अधिवक्ता राम पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार को सवर्ण युवाओं का हित भी ध्यान में रखना चाहिए था। बिल के नए प्रावधानों से सवर्ण युवाओं का भविष्य खराब करने का ताना- बाना बुना गया है। केंद्र सरकार को इसे लागू करने से पहले जेपीसी को सौंपना चाहिए था। बिल वापस नहीं हुआ तो भाजपा को इसका नुकसान उठाना होगा।

विरोध प्रदर्शन में मौजूद अनुज पाठक, मुकेश पाठक, श्याम शुक्ला, हरेंद्र पाठक, गोपाल दुबे, ताराचंद पाठक, कमल शुक्ला, राहुल शुक्ला, बंटी दुबे आदि ने यूजीसी बिल को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए नारेबाजी की।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र 14 दिन पूर्व हुई दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई। थाना मांट के गांव भीम निवासी राधेश्याम (64) आठ सिंतबर को बाइक से गांव के लिए जा रहे थे। गांव के समीप किसी तेज गति से आते वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को भगा ले गया था। गंभीर घायल हुए राधेश्याम का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बीती रात उनकी मौत हो गई।

## पैसों के विवाद में की गई ओमवीर की हत्या

### आरोपित सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी को पुलिस दे रही दबिश

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील क्षेत्र के गांव भैंरई में खेत पर ट्रैक्टर चढ़ाकर ओमवीर उर्फ करुआ की हत्या के मामले में पुराने पैसों के लेनदेन का विवाद सामने आया है। मृतक के भाई की तहरीर पर सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

मृतक के बड़े भाई गोपाल सिंह के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब एक बजे ओमवीर ट्रैक्टर-हैरो लेकर खेत जोतने गया था। काम अधिक होने पर उसने सोनू को भी बुला लिया। गोपाल सिंह का आरोप है कि सोनू पर करीब चार साल से ओमवीर के कुछ रुपये बकाया थे। बताया गया कि खेत पर पहुंचने के बाद सोनू ने अपने साथी कपिल को शराब लेकर बुलाया। दोनों के साथ ओमवीर ने भी खेत पर शराब पी। इसके बाद सोनू ट्रैक्टर चलाने लगा। इसी दौरान खेत के एक कोने में खड़े ओमवीर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया। परिजनों के अनुसार, ओमवीर की सांस चल रही थी। आरोप है कि इसके बाद सोनू ने दोबारा उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और मौके से भाग गया।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
**फोन नंबर-0565-3550761**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



# सर्विस रोड पर जलभराव और नालों में कीचड़ राज



सोमवार फरह चौराहे के समीप नाले में सिल्ट को बाहर निकालती जेसीबी।



रविवार को कस्बा के अंडरपास के समीप सर्विस मार्ग पर हुआ जलभराव।

## फरह में राष्ट्रीय राजमार्ग के बने नालों को दुकानदारों ने भर दिया कचरे से

## हाइवे के नालों से नगर पंचायत निकाल रही गंदा पानी, हो रही समस्या

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा में अंडरपास के दोनों ओर हाइवे के सर्विस रोड पर बनाए गए नाले अब समस्या बन गए हैं। जलभराव और कीचड़ से भरे नालों की वजह से कस्बा का चौराहा अब बदसूरत हो गया है। नालों की सफाई के नाम पर जिम्मदार मोटा खेल करने में जुटे हैं, जबकि कस्बा के दोनों ओर बने सर्विस रोड जलभराव से जूझ रहे हैं। हाइवे के नालों में नगर पंचायत जबरन गंदा पानी डाल रही है, जिससे अंडरपास के आसपास आए दिन जलभराव हो रहा है, जिससे चौराहा नर्क बन गया है। नगर पंचायत और राष्ट्रीय राजमार्ग की इस नूरा–कुश्ती में सर्विस रोड नरक बन गया है । रविवार को सर्विस मार्ग के दोनों ओर जलभराव होने से वाहन चालक और राहगीर परेशान होते रहे। समस्या जब नगर पंचायत के जिम्मेदारों के कानों में खटकी तो सोमवार सुबह आठ बजे के आसपास नगर पंचायत के कर्मचारी जेसीबी लेकर आए, नाले में जमा एक पत्थर के नीचे से सिल्ट को निकालकर चौराहे पर डाल दिया, जिससे जलभराव तो कम हुआ। सड़क पर डाली सिल्ट को वाहन रौंदते रहे, जिससे जाम लगता रहा।

### जिम्मेदारी से बच रहे जिम्मेदार

सर्विस रोड के रखरखाव की जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की है । सर्विस रोड के आसपास दुकानदारों ने नाला खोल दिया हैं, जिससे कचरा- गंदगी डाली जा रही है। अंग्रेजी शराब ठेका के समीप ढाबा और अन्य कारोबार करने वाले दुकानदारों ने नाले को गंदगी से बंद कर दिया है,जिसकी वजह से अब गंदा पानी सर्विस रोड पर बहता रहा है। अतिक्रमण की वजह से यहां सफाई नहीं होती है।

### जिम्मेदारों की बात

सर्विस रोड पर जलभराव और कीचड़ की वजह नगर पंचायत है। नालों में नगर पंचायत कस्बा का गंदा पानी डालती है, जिससे नाले गंदगी से भरे गए हैं। हमारी ओर से जलभराव को आए दिन दूर किया जाता है। कीचड़ और जलभराव के लिए नगर पंचायत जिम्मेदार है।

**संस्कार शर्मा अनुरक्षण प्रबंधक, राजमार्ग प्राधिकरण।**

हाइवे वाले नाला बनाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, नाला नहीं होने से सर्विस रोड पर गंदा पानी जमा होता है, समस्या निदान के लिए काम किया जा रहा है, नाला बनाने को सर्वे किया गया है।

**राघवेंद्र शर्मा, प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत।**




## झंडीपुर में जमीन कब्जाने का आरोप विरोध करने पर मारपीट और धमकी



सोमवार को डीएम को ज्ञापन देने आए वाल्मीकि समाज के पीड़ित।

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के गांव झंडीपुर निवासी ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर जमीन पर जबरन कब्जा करने, झोपड़ी तोड़ने,विरोध करने पर मारपीट करने और गाली–गलौज करने का आरोप लगाया है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़ित परिवार अनुसूचित जाति वाल्मीकि समाज से है और कई पीढ़ियों से गांव झंडीपुर में रहते है आरोप है कि घर के सामने आबादी क्षेत्र में जाट समुदाय के कुछ लोग जबरन कूड़ा–गोबर और गंदगी डालते हैं। मना करने पर आए दिन विवाद करते हैं, जिससे गंदगी नाली में भर जाती है और पानी सड़क पर बहता रहता है। पीड़ितों के अनुसार, 19 सितंबर को सुबह करीब नौ बजे कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर आए और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते हुए उनकी झोपड़ी तोड़ने लगे। विरोध करने पर मारपीट और गाली–गलौज की गई, धमकी देने का आरोप है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि इससे परिवार में भय का माहौल है। पीड़ितों में राजवीर, गब्बर, पूनम, गीता, शीला और रीति शामिल थे।

## मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी को लॉयर फोरम ने किया सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** सिविल लॉयर फोरम की ओर से फोरम के उपाध्यक्ष और द्वारकाधीश मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। फोरम के अध्यक्ष प्रताप शर्मा ने राकेश तिवारी को दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित कर उनकी दीर्घायु जीवन की कामना की। राकेश तिवारी एडवोकेट ने फोरम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कि पूर्व में फोरम के माध्यम से एक सफल सेमिनार का आयोजन कराया गया था। जल्द ही एक और भव्य सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार समाज और अधिवक्ता समाज को सकारात्मक संदेश मिलेगा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उमाकांत चतुर्वेदी, नंदकिशोर उपमन्यु, रमेश कुमार शर्मा, महेश चतुर्वेदी, मुकेश खंडेलवाल, गोपाल खंडेलवाल, अजय शर्मा, अंकित चतुर्वेदी, संकल्प शर्मा, धर्मेंद्र कुमार और दिनेश अग्रवाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



राकेश तिवारी को सम्मानित करते सिविल लॉयर फोरम के अधिवक्ता।

## कृष्ण गंगा घाट पर संचालित हो नाव

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुना पार के विशजगंज निवासी महेश ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन दिया। कृष्ण गंगा घाट पर नाव संचालन का काम शुरु कराने की मां की। डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में महेश ने आरोप लगाया कि 16 सितंबर को बंटी पुत्र केशव से फोन पर नाव संचालन की अनुमति को लेकर बातचीत हुई थी। आरोप है कि बंटी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि उनके लोगों को कोई गोली मारे तो उन्हें न बताया जाए। इससे महेश ने अपनी जान–माल की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है। महेश ने प्रशासन से जरूरी कार्रवाई और नाव संचालन की अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

## हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



गांव तेहरा निवासी राजू पाल के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राष्ट्रीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डीएम और एसएसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मुकदमे में गांव तेहरा निवासी रिक्शा चालक को चाकू मारकर घायल किया गया था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इसके बाद मामला दर्ज हुआ, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की बात कही गई है।

ज्ञापन देने वालों में मजदूर किसान यूनियन के किसान राजू पाल, राष्ट्रीय समाज पार्टी लखनऊ मंडल अध्यक्ष सरवन पाल, जिलाध्यक्ष मैनपुरी नेनपाल, नेत्रपाल और मुकेश पाल, लखनऊ किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष, अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। पदाधिकारियों ने पुलिस से मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी जनहित में आंदोलन करने को विवश होगी।

## घर–घर स्वास्थ्य पहुंचाया, अब हक का वेतन मांगा

### आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं ने उठाई स्थायी वेतन और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीएम के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने और 30 हजार रुपये प्रतिमाह स्थायी मानदेय दिए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही सभी कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य रूप से आयुष्मान और कैशलेस कार्ड बनाए जाने की मांग भी रखी गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि आशा बहुएं और संगिनी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव–गांव और घर–घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मातृ- शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, टीकाकरण, पोलियो उन्मूलन और कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में योगदान दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करने के बावजूद उन्हें स्थायी वेतन और कर्मचारी संबंधी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। मांग करने वालों में राशिवाला, सुनीता, मोजू, मिस्कीना, जलवती, अनीता, सुशीला, सीमा, रेखा, सपना, पूनम, रेनू, विमलेश, संगीता, कमलेश, मधुबाला सहित कई आशा और संगिनी कार्यकर्ता शामिल रहीं।



सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने आईं कार्यकर्ता

## भाषण, चित्रकला प्रदर्शनी और पौधारोपण से दिया सेवा का संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। सोमवार को जनपद के कई बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम हुए। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए सेवा, समाज और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। बाजना इंटर कॉलेज बाजना में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से विभिन्न सामाजिक विषयों और सेवा भावना को दर्शाया। राजकीय महाविद्यालय मांट में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम और द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौणारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पीएमश्री स्कूलों में पढ़ाई होगी रोचक बच्चों को मिलेगी लर्निंग किट



**यूनिक समय, मथुरा।** पीएमश्री योजना के तहत जिले के 16 विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की पढ़ाई को अधिक रोचक और गतिविधि आधारित बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। अब बच्चों को केवल किताबों के जरिए पढ़ाने के बजाय चार्ट, शब्द कार्ड, नक्शे, अबेकस और रंगीन सामग्री के माध्यम से सीखने के अवसर दिए जाएंगे। प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यार्थी अधिगम किट और विद्यार्थी डायरी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2026–27 के तहत धनराशि स्वीकृत की गई है। विद्यालयों को निर्धारित समय सीमा में आवश्यक सामग्री खरीदकर शिक्षण–अधिगम सामग्री (टीएलएम) तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा एक और दो में हिंदी और गणित, जबकि कक्षा तीन से पांच तक हिंदी, गणित, अंग्रेजी और पर्यावरण अध्ययन से संबंधित शिक्षण सामग्री तैयार की जाएगी। इसमें कार्ड बोर्ड, चार्ट पेपर, रंग, अबेकस, शब्द और अक्षर कार्ड, ग्लोब, भारत और विश्व के नक्शे, पौधों और जानवरों के चार्ट, यातायात नियमों की सामग्री, आइसक्रीम स्टिक, रिबन, ऊन, स्ट्रॉ और रबर बैंड आदि का उपयोग किया जा सकेगा।

## 16 विद्यालयों में विषयवार शिक्षण मॉडल, हर बच्चे को मिलेगी अधिगम किट

कक्षाओं में निपुण लक्ष्य के पोस्टर और विषयवार तालिकाएं भी लगाई जाएंगी। टीएलएम केवल सजावट के लिए नहीं, बल्कि बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया जाएगा। जरूरी सामग्री की खरीद 15 अक्टूबर तक और टीएलएम तैयार करने का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा करना होगा।

हर विद्यार्थी को मिलने वाली अधिगम किट में हिंदी और गणित के अभ्यास पत्रक, रंग भरने की पुस्तक, रंगीन पेंसिल, क्रेयॉन, चित्रकारी पुस्तिका, ओरिगामी कागज, गोंद की डंडी और लर्निंग डाइस समेत सामग्री होगी। किट वितरण का रिकॉर्ड पंजिका में दर्ज किया जाएगा और विद्यार्थी या अभिभावक के हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे। इसकी तस्वीरें भी कराई जाएंगी। विद्यार्थी डायरी भी 31 अक्टूबर तक उपलब्ध कराई जाएगी।

बीएसए रतन कीर्ति ने बताया कि ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर निपुण टीएलएम मेला आयोजित होगा, जिसमें शिक्षक अपने तैयार शिक्षण मॉडल प्रदर्शित करेंगे। टीएलएम की राशि से केवल बच्चों की पढ़ाई से सीधे जुड़ी सामग्री ही खरीदी जाएगी।

# बीएसएसीईटी और ब्लू पैरट वेंचर्स के बीच हुआ एमओयू



कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ चेयरमैन इं. नितिन मित्तल और अन्य अधिकारी ।

**यूनिक समय, मथुरा।** विद्यार्थियों को बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसएसीईटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में कार्यरत ब्लू पैरट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। समझौते के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जुड़ने, व्यावहारिक अनुभव हासिल करने और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में पहल की गई।

समारोह में ब्लू पैरट वेंचर्स के संस्थापक-मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन कालरा और सह-संस्थापक आरुषि मल्होत्रा मौजूद रहीं। संस्थान की ओर से चेयरमैन इं. नितिन मित्तल, संचालन मंडल सदस्य उमंग मित्तल, डायरेक्टर प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल, डीन प्रो. लोकेन्द्र शर्मा, एडमिनिस्ट्रेटिव एडवाइजर भगवान सिंह और हेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

चेयरमैन इं. नितिन मित्तल ने कहा कि उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत समन्वय विद्यार्थियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करता है। वाइस चेयरमैन विशाल बंसल ने साझेदारी को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा कदम बताया। डायरेक्टर प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि कॉरपोरेट जगत से जुड़ाव विद्यार्थियों की तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षमताओं को विकसित करने में सहायक होगा।

# बच्चों की पढ़ाई का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड अभिभावक बनवाएं अपार आईडी

**यूनिक समय, मथुरा।** अब बच्चों की पढ़ाई और उपलब्धियों का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से भी सुरक्षित रहेगा। बीएसए रतन कीर्ति ने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों की अपार आईडी बनवाने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपार आईडी विद्यार्थियों की स्थायी डिजिटल शैक्षिक पहचान है, जो उनकी पढ़ाई से जुड़े रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने में मदद करेगी। अपार आईडी में विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियां, प्रमाण–पत्र और अन्य जरूरी शैक्षिक अभिलेख डिजिटल रूप से सुरक्षित किए जा सकेंगे। इससे बच्चों के शैक्षिक रिकॉर्ड को संभालना आसान होगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर एक शिक्षण संस्थान से दूसरे संस्थान तक रिकॉर्ड पहुंचाने में भी सुविधा मिलेगी। बीएसए ने कहा कि अपार आईडी विद्यार्थियों की शैक्षिक यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## 23 सितंबर को राजीव भवन में होगी किसान गोष्ठी

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 23 सितंबर को कृषक एवं भारत टैक्सी योजना के शुभारंभ पर राजीव भवन में किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी में किसानों से जुड़ी योजनाओं और विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा विधायक राजेश चौधरी,भाजपा के जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे,कार्यक्रम संयोजक जिला सहकारी बैंक मथुरा के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर आदि मौजूद रहेगे।

## चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर गोवर्धन से चुराई गई बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को गोवर्धन में कैनरा बैंक के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। इस मामले में 18 सितंबर को थाना गोवर्धन में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने चेकिंग के दौरान नीमगांव चौराहे से सकरवा बाईपास के समीप से अभियुक्त अजय निवासी भरना खुर्द थाना बरसाना को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# राजीव एकेडमी में नवागंतुक विद्यार्थियों का भव्य स्वागत



नवागमन—2026' में प्रतिभाग करने वाले रंग—बिरंगे परिधानों में सजीं छात्राएं।

## नवागमन– 2026 में गीत–संगीत और नृत्य ने बांधा समां

## डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने मेहनत और अनुशासन का दिया संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आरएटीएम) में एमबीए और एमसीए प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने जोरदार स्वागत किया। संस्थान में आयोजित फ्रे शर्स पार्टी 'नवागमन–2026' में गीत–संगीत, नृत्य, हास्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को खूब आकर्षित किया। करीब चार घंटे चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को संस्थान के शैक्षणिक-सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना , वरिष्ठ और कनिष्ठ विद्यार्थियों के बीच सौहार्द और सहयोग की भावना विकसित करना रहा। रंग–बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर परिसर तालियों से गूंज उठा।

आरके एज्यूकेशन हब के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यक्रम की खुशियों के बाद अब उन्हें आगामी सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी में गंभीरता से जुटना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से माता–पिता के सपनों को ध्यान में रखते हुए मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने कहा कि व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है। निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्म–अनुशासन अपनाकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सौहार्द के माहौल में हुआ।






# पुलिस ने पांच किलो गांजा सहित दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस और सर्विलांस टीम ने बाइक से अवैध गांजा ले जाते दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नौहझील पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की ओर जाने वाली सर्विस रोड चारदीवारी युक्त प्लाट के समीप बाइक से जाते दो युवकों को चेकिंग के लिए रोक लिया। पुलिस ने उनकी तलाशी की तो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का वजन पांच किलो गांजा निकला। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने अभियुक्तों से बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में कमल निवासी मौहल्ला ब्रजनगर बाजना थाना नौहझील, सुरेश निवासी गांव करसुआ थाना लोधा जिला अलीगढ़ हैं।

## घर से नकदी और आभूषण चोरी

**यूनिक समय, मथुरा।** जमुनापार थाना क्षेत्र में एक घर से अज्ञात चोर नकदी, मोबाइल फोन और सोने–चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित देवराज निवासी श्यामापुरम कॉलोनी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, 16 को सुबह वह अपने काम पर चला गया था। उसकी पत्नी स्कूल में पढ़ाने गई थी, जबकि दोनों बेटे भी स्कूल चले गए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे पत्नी घर वापस लौटी तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। बेड के बॉक्स में रखा सामान भी अस्त–व्यस्त था। जांच करने पर घर से 10 हजार रुपये की नकदी, वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन और सोने–चांदी के आभूषण गायब मिले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाने और चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## युवती लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**यूनिक समय, मथुरा।** जमुनापार थाना क्षेत्र के गांव गौसना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 19 वर्षीय बेटी के लापता होने की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के अनुसार, सात सितंबर की शाम करीब पांच बजे बेटी को महुअर थाना किरावली आगरा निवासी रवि उसे बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने रवि के घर पहुंचकर उसके परिवार से बेटी के बारे में जानकारी की। परिजनों की ओर से बेटी को दो–तीन दिन में तलाश कर वापस देने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बेटी का मोबाइल फोन बंद है, वह रवि के परिवार के कब्जे में बताया गया है।

## इंटरनेट मीडिया वीडियो को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, छाता।** थाना क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो को लेकर विवाद सामने आया है। मामले में गिर्राज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 20 सितंबर को उन्हें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से कुछ वीडियो प्राप्त हुए। वीडियो में छाता शुगर मिल पर धरने के दौरान कुछ लोगों द्वारा आपत्तिजनक-अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया गया है। वीडियो में समाज को लेकर कथित आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे वाल्मीकि समाज की भावनाएं आहत हुईं। वीडियो को इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा भी किया गया, जिसके बाद समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। इस तरह की गतिविधियों से सामाजिक वैमनस्य बढ़ने की आशंका है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जान लेवा हमले के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने जमीनी रंजिश के चलते कार पर हमला कर शीशे तोड़ने और पीछा कर घर के समीप पहुंचकर सरिया, लाठी से मारपीट कर कई लोगों को गंभीर घायल करने के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आठ सितंबर की जमीनी रंजिश के चलते कोमल सिंह निवासी जचौंदा, रोहित आदि ने रास्ते में उसके भाई रामू और अमित की कार रोककर लाठी- डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने कार के शीशे तोड़ दिए। कार से भागने के बाद पीछा करके हमलावरों ने घर के समीप दोनों के साथ लाठी,सरियाओं से मारपीट की बीच बचाव करने वालों के साथ भी मारपीट की, जिससे रामू और अमित बुरी तरह से घायल हो गए। हमलावरों के खिलाफ थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कोमल सिंह और रोहित को हॉस्पिटल के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

# ड्राइवर से लूटपाट कर जानलेवा हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** पुलिस ने अर्टिगा कार चालक के साथ लूटपाट के इरादे से जानलेवा हमला करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में पहने गए रक्तरंजित कपड़े, लोहे का कड़ा और चाकू बरामद किया है।

एसएसपी के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी ग्रामीण के निर्देशन में कोटवन चौकी इंचार्ज उत्तम चौहान ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। सोमवार की सुबह


पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपित।

एनएच-19 पर शैमकेन फैक्ट्री के सामने जाने वाली सड़क से अभियुक्त 'हर्ष पुत्र देवराज निवासी स्वरूपनगर गली नंबर 15 भट् टा रोड, थाना स्वरूप नगर, जिला नार्थ दिल्ली को गिरफ्तार किया गया।

## रक्तरंजित कपड़े और चाकू बरामद

पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक नीले-सफेद रंग की चौकदार शर्ट, नीले रंग की जींस पैंट (दोनों रक्तरंजित), हाथ में पहना हुआ रक्तरंजित लोहे का कड़ा, 200 रुपये नकद, एक अदद चाकू बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि शुक्रवार को वह अपने दोस्त कान्हा निवासी मथुरा के साथ अर्टिगा कार से जा रहा था, तभी दोनों ने कार ड्राइवर के साथ लूटपाट के इरादे से घटना को अंजाम दिया। उसके दोस्त कान्हा ने पेचकस से और उसने लोहे के कड़े से ड्राइवर के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। जब उसने बैग से चाकू निकाला तो ड्राइवर धक्का देकर कार से बाहर निकल गया और शोर मचाने पर भीड़ जमा हो गई, तो दोनों किराया ज्यादा मांगने का झूठ बोलकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया।




# कोसी पहुंचेगी काठिया बाबा की चौरासी कोस यात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नंदबाबा की कोसस्थली कोसीकलां एक बार फिर सनातन धर्म की दिव्य आभा से जगमगाने वाली है। ब्रज विदेही चतुर्थ संप्रदाय के महंत स्वामी संत रास बिहारीदास काठिया बाबा के सानिध्य में निकाली जा रही विश्व प्रसिद्ध ब्रज चौरासी कोस शोभायात्रा एक अक्टूबर को कोसीकलां पहुंच रही है। यात्रा का नगर में दो दिवसीय पड़ाव रहेगा।

यात्रा के नगर प्रवेश को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। एक अक्टूबर को शोभायात्रा तालाबशाही से बैंड-बाजों व राधे-राधे के मधुर संकीर्तन के साथ नगर में प्रवेश करेगी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागा साधु-संत, महात्मा नाचते-गाते चलेंगे। नगरवासियों ने यात्रा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाने और पग-पग पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत की तैयारी की है। आयोजकों के अनुसार, यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म की पताका को जन-जन तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति से जोड़ना है। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग धर्म से

## एक अक्टूबर को तालाबशाही से नगर में होगा भव्य प्रवेश, पग पग पर होगी पुष्पवर्षा

विमुख हो रहे हैं, ऐसे में संतों का समागम और उनके श्रीमुख से निकली वाणी लोगों को सनातन के मूल्यों, ब्रज की महिमा और संत सेवा के महत्व को समझाएगी।

दो दिन के पड़ाव के दौरान ग्यालाल स्मृति भवन को मुख्य पड़ाव स्थल बनाया गया है, जहां संत सम्मेलन, प्रवचन और विशाल भंडारे-प्रसाद का आयोजन होगा।

महंत काठिया बाबा अपने प्रवचनों में बताएंगे कि संतों की सेवा से ही जीवन के समस्त कष्ट दूर होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यात्रा को लेकर भाजपा नेता तरुण सेठ, कन्हैयालाल गोयल, अशोक बठैनियां, अंकित मालविया सहित नगर के सैंकड़ों गणमान्य लोगों ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# कोसी में हाईवे किनारे सर्विस रोड बनी तालाब, गहरे गड्ढों से खतरा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कस्बे में हाईवे किनारे सर्विस रोड की बदहाल तस्वीर सामने आई है। सड़क जगह-जगह टूटकर दो से तीन फीट तक गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश और नाली का गंदा पानी इन गड्ढों में भरने से पूरी सड़क तालाब जैसी नजर आ रही है। पानी भरे होने के कारण राहगीरों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है।

सर्विस रोड के पीछे नेशनल हाईवे-19 पर वाहनों की लगातार आवाजाही और सामने पेट्रोल पंप दिखाई देता है। यह मार्ग स्थानीय लोगों के साथ हाईवे से आने-जाने वाले वाहनों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सर्विस रोड की हालत पिछले कई महीनों से खराब है। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरने से बाइक सवार और ई-रिक्शा चालक परेशान हैं। कई बार वाहन असंतुलित होकर गड्ढों में फंस जाते हैं। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी के नीचे गड्ढों का पता


हाइवे के सर्विस मार्ग पर जलभराव से हुए गड्ढे।

नहीं चलता। लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली को लेकर संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने डीएम से मांग की है कि सर्विस रोड की तत्काल मरम्मत कराने के साथ जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सड़क दुरुस्त नहीं हुई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# धरना खत्म कराने पहुंची पुलिस वाहनों की कतार में भिड़ी तीन गाड़ियां

**यूनिक समय, छाता।** शुगर मिल और पुलिस-प्रशासन की ओर से धरना स्थल खाली कराने की कार्रवाई के दौरान देर रात वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक वाहन ने आगे चल रही गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक के बाद एक तीन वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धरना स्थल के आसपास कार्रवाई के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार बन गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे वाहन के चालक को आगे चल रही गाड़ियों की कतार का अंदाजा नहीं लग सका और उसने जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद पीछे चल रहे वाहन भी एक-दूसरे से टकरा गए। हादसे में एक वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दो अन्य वाहनों को भी

## छाता में देर रात हादसा टक्कर में करीब आधा दर्जन लोग घायल

नुकसान पहुंचा है। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

हादसे की सूचना के बाद प्रशासन ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था सुचारु कराने का प्रयास किया। धरना स्थल खाली कराने की कार्रवाई के दौरान हुए हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के बाद यातायात सामान्य कराया गया।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को डॉ. पौनिया ने दी जन्मदिन की बधाई

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के जन्मदिवस पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ब्रजक्षेत्र डॉ. अमर सिंह पौनिया ने उन्हें बधाई दी है।

इस मौके पर डा. अमर सिंह पौनिया ने कहा कि सुनील बंसल भारतीय जनता पार्टी के कुशल संगठनकर्ता हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उत्तर प्रदेश में पार्टी की प्रचंड जीत में उनकी रणनीति का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल का जीवन सादगी, परिश्रम और संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनका कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह और मार्गदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायी है।


जन्मदिन पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को गुलदस्ता देते डॉ. अमर सिंह पौनिया।

डा. पौनिया ने प्रभु श्रीराम से उनके दीर्घायु होने, स्वस्थ रहने और संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने की कामना की है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर श्री वेदमाता गायत्री मंदिर के पास से एक युवक को पकड़ा। युवक ने पूछताछ में अपना नाम मनीष निवासी कुम्हार मोहल्ला जैंत बताया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## सब्जी मंडी के पास कूड़े के ढेर पर मिली लावारिस बाइक, पुलिस ने ली कब्जे में

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर की सब्जी मंडी स्थित मजदूर प्रतीक्षालय के सामने रविवार की देर शाम एक मोटरसाइकिल लावारिस अवस्था में कूड़े के ढेर पर खड़ी मिली। काफी देर तक कोई भी व्यक्ति बाइक लेने नहीं आया तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया। पुलिस ने बाइक के चेसिस नंबर और नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यह मोटरसाइकिल रविवार दोपहर से ही यहां खड़ी हुई थी। लोगों को आशंका है कि यह बाइक चोरी की हो सकती है और चोर इसे यहां छोड़कर फरार हो गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि किसी नशेड़ी ने भी इसे यहां लाकर छोड़ दिया हो।

## नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। छटीकरा निवासी एक व्यक्ति नेपुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 19 सितंबर की शाम करीब सात बजे घर से चली गई। जानकारी मिली कि दीपक जादौन निवासी छटीकरा, जैत, मथुरा, उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गाय से टकराई बाइक, अधेड़ घायल

**यूनिक समय, सुरीर।** सोमवार सुबह खाटू श्याम मंदिर के पास अचानक बाइक के सामने गाय आ जाने से हादसा हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार 55 वर्षीय प्रेमचंद गंभीर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी नौहझील भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सुकी निवासी प्रेमचंद पुत्र सुकन अपने परिचित बबलू पुत्र चंद्रपाल के साथ बाइक से नौहझील से केला गोदाम की ओर जा रहे थे।

सुबह करीब 6:30 बजे खाटू श्याम मंदिर के पास अचानक गाय बाइक के सामने आ गई। बाइक गाय से टकरा जाने के कारण दोनों सड़क पर गिर गए। हादसे में प्रेमचंद के सिर और छाती में चोटें आईं। सूचना मिलने पर पहुंचे बाजना कट मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।

# कोसी के लक्खी मेले में गूंजेगा युवाओं के दमखम का डंका

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के ऐतिहासिक श्रीराम-भरत मिलाप लक्खी मेले को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेले के मुख्य आकर्षण श्री महावीर अखाड़े की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी को लेकर महावीर बगीची पर अखाड़े के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अनुभवी पहलवान कालीचरण चौधरी को अखाड़े का मुख्य प्रबंधक नियुक्त किया गया।

अखाड़े से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार युवाओं में

## श्री महावीर जी अखाड़े की कमान कालीचरण चौधरी को, युवा ले रहे प्रशिक्षण

## काली मेले में लाठी तलवार और बनोटी के हैरतअंगेज करतब होंगे मुख्य आकर्षण

अखाड़ेबाजी को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। शाम होते ही महावीर बगीची में दर्जनों की संख्या में युवा पारंपरिक कला सीखने के लिए जुट रहे हैं। वरिष्ठ खलीफाओं द्वारा उन्हें लाठी-बाना और शारीरिक संतुलन के गुर सिखाए जा रहे हैं। युवा भी पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ इस विलुप्त हो रही कला को सीखने में जुटे हैं।

मुख्य प्रबंधक कालीचरण चौधरी ने बताया कि नवमी के दिन निकलने वाले विशाल काली मेले में अखाड़े द्वारा कई रोमांचक प्रदर्शनों की तैयारी की जा रही है। इसमें लाठी-बाना, तलवारबाजी, बर्छी, बनोटी, जोड़ी-मुगदर और लेजम के साथ सामूहिक पिरामिड बनाकर शारीरिक शक्ति और संतुलन का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवाओं की टोलियों के करतब दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। बैठक में गोपालदास मास्टर, ओमप्रकाश खलीफा, दीपक गुप्ता, राहुल अग्रवाल, राधाकृष्ण शास्त्री, नितेश भारद्वाज, अजय शर्मा, ध्रुव सोनी, कृष्णा पंडित, जगदीश अनंत, जोधपाल सहित अखाड़े के दर्जनों सदस्य, युवा पहलवान मौजूद रहे।

## 305 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 305 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बाटी रोड पर श्री वेदमाता गायत्री मंदिर से आगे संदीप को पकड़ा, तलाशी के दौरान गांजा मिला।

## सुविचार

सपनों को उड़ान देने के लिए पंख नहीं, हौंसले और निरंतर प्रयास चाहिए।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 08:01-09:43 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | श्रवण | 07:06-09:09 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:15 AM | चन्द्रोदय | 03:05 PM |
| सूर्यास्त | | 6:24 PM | चंद्रास्त | 02:41 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रह्म् मुहूर्त | 04:30-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 07:46 AM: 09:17 AM | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# पैरों की दूसरी उंगली में ही क्यों पहनी जाती है बिछिया?



### चांदी की बिछिया को सुहाग का प्रतीक मानने की है परंपरा

### ज्योतिष में राहु-केतु और चंद्रमा-शुक्र से जोड़ा जाता है संबंध

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय परंपरा में विवाह के बाद महिलाओं के पैरों में बिछिया पहनने की प्रथा सदियों पुरानी मानी जाती है। बिछिया को जहां सुहाग और वैवाहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है, वहीं इसे लेकर कई ज्योतिषीय मान्यताएं भी प्रचलित हैं। खास बात यह है कि बिछिया आमतौर पर पैरों के अंगूठे के पास वाली दूसरी उंगली में ही पहनी जाती है और इसके लिए चांदी को प्राथमिकता दी जाती है।

ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार चांदी का संबंध चंद्रमा और शुक्र से माना जाता है। चंद्रमा को मन और मानसिक शांति का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र को वैवाहिक सुख, प्रेम और सौंदर्य से जोड़ा जाता है। इसी कारण चांदी के आभूषणों को सकारात्मक प्रभाव से जोड़कर देखा जाता है। राहु-केतु को लेकर भी ज्योतिष में अलग-अलग मान्यताएं हैं। पारंपरिक ज्योतिष में शरीर के निचले हिस्से और पैरों का संबंध केतु से बताया जाता है। वहीं राहु को भ्रम और बाधाओं से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि चांदी की शीतल प्रकृति इन ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव को शांत करने में सहायक हो सकती है। बिछिया सामान्यतः पैर के अंगूठे के ठीक बगल वाली दूसरी उंगली में पहनी जाती है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

पारंपरिक मान्यताओं में इस उंगली की नसों का संबंध शरीर के कुछ महत्वपूर्ण अंगों से बताया जाता है। कुछ लोग इसे एक्यूप्रेशर से भी जोड़ते हैं, हालांकि इन दावों को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तथ्य नहीं माना जाना चाहिए। धार्मिक परंपराओं में पैरों में सोना पहनने से परहेज किया जाता है। सोने को देवी-देवताओं से जुड़ी पवित्र धातु माना जाता है, इसलिए कमर से नीचे इसे धारण करना उचित नहीं माना जाता। इसी वजह से बिछिया के लिए चांदी का चलन अधिक है।

परंपरा में बिछिया टूटने या खोने को लेकर भी अलग-अलग मान्यताएं हैं। ऐसी स्थिति में कई परिवार नई चांदी की बिछिया पहनने की परंपरा निभाते हैं। हालांकि ये बातें धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित हैं, इनके वैज्ञानिक प्रभावों की पुष्टि नहीं हुई है।

# चित्रकूट परिसर में गूंजे रामलीला के संवाद, शुरू हुआ पूर्वाभ्यास


चित्रकूट में पूर्वाभ्यास के दौरान रामलीला के कलाकर और अन्य।

### तीन अक्टूबर से 21 दिवसीय रामलीला महामहोत्सव, 30 सितंबर तक तालीम

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित होने वाले 21 दिवसीय श्री रामलीला महामहोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। चित्रकूट परिसर में रामलीला के स्वरूपों और पात्रों का पूर्वाभ्यास शुरू हुआ। पहले दिन तुलसी चरित्र, शिव विवाह सहित विभिन्न लीलाओं का अभ्यास कराया गया। पात्रों के संवाद और अभिनय को देखकर सभा के पदाधिकारी और सदस्य उत्साहित नजर आए।

श्री रामलीला सभा की ओर से तीन से 23 अक्टूबर तक श्री रामलीला महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूर्वाभ्यास शुरू होने से पहले सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति नंदकिशोर अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, महामंत्री मूलचंद गर्ग, मंत्री विजय सर्राफ किरोड़ी, कोषाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, लीला मंत्री नागेंद्र मोहन मित्तल, प्रचार मंत्री पं. शशांक पाठक और जुलूस मंत्री विनोद सर्राफ सहित पदाधिकारियों ने रामदरबार, हनुमंत लाल, शिव परिवार और रामचरितमानस का विधिवत पूजन किया। इसके बाद पात्रों ने तालीम शुरू की।

चित्रकूट परिसर में 20 से 30 सितंबर तक प्रतिदिन शाम सात से रात 10 बजे तक पूर्वाभ्यास चलेगा। इस दौरान रामलीला की विभिन्न लीलाओं, संवाद, अभिनय और मंचन की तैयारियां कराई जाएंगी। इस अवसर पर गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, जयंती प्रसाद अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, मूलचंद गर्ग, विजय सर्राफ किरोड़ी, प्रदीप सर्राफ, पीके , कृष्ण मुरारी नेताजी, दिनेश सदर, सुभाष अग्रवाल सिक्का, गौरव, पुनीत अग्रवाल, पं. रामगोपाल और रवि पुजारी आदि मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा मथुरा


विसर्जन यात्रा से पहले गणेशजी का पूजन करते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, मथुरा।** गोपेश्वर नाथ महादेव मित्र मंडली द्वारा गणेश उत्सव के समापन पर भगवान गणेश की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। मंदिर से भगवान गणेश की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाकर कार में विराजमान किया गया। ढोल-नगाड़ों की धुन के बीच निकली विसर्जन यात्रा में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडली द्वारा पिछले कई दिनों से मंदिर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना की जा रही थी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य किया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद गोकुल बैराज स्थित घाट से नाव के माध्यम से प्रतिमा को यमुना के मध्य ले जाकर विधि-विधान से विसर्जित किया गया। पवन पांडेय ने बताया कि गणेश प्रतिमा की स्थापना मंदिर में की गई थी। आयोजन से धार्मिक भावना के साथ आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि बच्चों और महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य कर उत्सव में उत्साह भरा। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। विसर्जन यात्रा में पवन पांडेय, योगेश चौरसिया, विकास खत्री, राहुल पंडित, वंशी ठाकुर, प्रशांत चौधरी, भोला चौधरी सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# श्री बांके बिहारी समिति ने धूमधाम से मनाया नंद उत्सव


नंद उत्सव में मौजूद श्री बांके बिहारी समिति की पदाधिकारी।

### दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री बांके बिहारी समिति की ओर से स्थानीय होटल में नंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाकर सुंदर झांकियां लगाई गईं। अध्यक्ष वंदना अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर और गोपालजी को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महामंत्री दीप्ति त्रिपाठी ने गोपालजी को चंदन लगाकर आरती उतारी।

उपाध्यक्ष मीरा अग्रवाल और उपाध्यक्ष बीना यादव ने सभी का चंदन लगाकर स्वागत किया। मंच पर नंद बाबा और यशोदा जी की झांकी सजाई गई। सांस्कृतिक मंत्री पूनम तिवारी ने प्रसाद वितरण कराया। मंत्री रेनू अग्रवाल और कोषाध्यक्ष वंदना अग्रवाल ने बधाई कार्यक्रम में सहयोग किया। मंत्री प्रीति अग्रवाल ने मंच व्यवस्था संभाली।

डॉली, ममता, शालिनी, पिंकी और पूनम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भावना, सपना और प्रीति ने नाट्य प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर किया। नंद बाबा-यशोदा के रूप में सविता अग्रवाल और कामिनी अग्रवाल ने आकर्षण बढ़ाया। कल्पना और पूनम ने हनुमानजी की प्रस्तुति दी। मुकुल ने बधाई गायन किया। पदाधिकारियों ने राधा के गीत पर नृत्य किया। कृष्णजी और गणेशजी की आरती के साथ गणेश चतुर्थी कार्यक्रम भी हुआ। संचालन वंदना अग्रवाल ने किया।

# गणेश पंडालों में बरस रहा कृपा का अमृत

### प्रसाद वितरण से गरीब परिवारों के घरों में छा रही खुशियां

**यूनिक समय, मथुरा।** भाद्रपद चतुर्थी से विभिन्न गणेश पंडालों में विराजमान भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ इन दिनों सेवा और प्रसाद वितरण का सिलसिला भी चल रहा है। सुबह और रात में पंडालों पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद और गरीब परिवारों को भोजन मिल रहा है और उनके घरों में खुशियां पहुंच रही हैं।

गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जा रहा है। इसके बाद प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी, मालपुए, खीर, बूंदी, कचौड़ी सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। श्रद्धालु सेवा भाव से प्रसाद बांटने में जुटे हैं। पंडालों पर पहुंचने वाले लोगों को प्रसाद ग्रहण कराने के साथ भगवान गणेश का आशीर्वाद भी दिया जा रहा है।

शहर के अलावा फरह, कोसीकलां, गोवर्धन, राया, बरसाना, नंदगांव, सुरीर, मांट और बल्देव सहित विभिन्न कस्बों में गणेश पंडाल सजाए गए हैं। यहां सुबह-शाम पूजा-अर्चना और आरती के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है। धार्मिक आयोजनों के बीच सेवा और प्रसाद वितरण से श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। पंडालों में गूंजते भजन और संगीत के बीच श्रद्धालु भगवान गणेश की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। धार्मिक आस्था, भक्ति और सेवा के इस संगम से गणेश उत्सव का वातावरण और अधिक भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन समितियां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रसाद तैयार कराकर वितरण करा रही हैं।

## सम्पादकीय

# चुनाव की तैयारी में नकली नोटों का खेल

चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है। यहां भाषण असली होते हैं, वादे अक्सर चमकदार होते हैं और जनता की उम्मीदें तो बिल्कुल असली होती हैं। अब अगर किसी जांच रिपोर्ट में यह दावा सामने आए कि जाली नोटों की भी चुनावी तैयारी होने लगी है, तो लोकतंत्र को भी शायद अपना बहीखाता दोबारा जांचना पड़ेगा।

पड़ताल में एक कथित नेटवर्क का दावा सामने आया है कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए करोड़ों रुपये की जाली करेंसी खपाने की तैयारी है। दावा यह भी है कि नोटों की डिलीवरी हर जिले और विधानसभा क्षेत्र तक कराई जा सकती है। यानी जहां राजनीतिक दल बूथ प्रबंधन की रणनीति बनाते हैं, वहां कोई दूसरा गिरोह कथित तौर पर 'नोट प्रबंधन' का इंतजाम करने में जुटा है।



पवन गौतम
संपादक

व्यंग्य की विडंबना देखिए–लोकतंत्र में वोट की कीमत जनता तय करती है, लेकिन यहां किसी को लगता है कि नकली नोट छापकर उस कीमत का भी नकली संस्करण तैयार किया जा सकता है। असली नोट बनाने में सरकार को सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, नकली नोट बनाने वालों को सिर्फ भरोसा कि पकड़े नहीं जाएंगे।

और सबसे चिंताजनक बात केवल जाली नोट नहीं, बल्कि उस कथित नेटवर्क का चुनाव से जुड़ने का दावा है। अगर ऐसे दावे जांच में सही पाए जाते हैं तो मामला केवल आर्थिक अपराध का नहीं रहेगा। यह चुनावी व्यवस्था, कानून–व्यवस्था और मतदाताओं के भरोसे से जुड़ा गंभीर प्रश्न होगा।

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

फिलहाल इन दावों को दावे के रूप में ही देखा जाना चाहिए। किसी कथित एजेंट की बातचीत अपने आप में यह साबित नहीं करती कि करोड़ों की रकम वास्तव में चुनाव में पहुंची या किसी राजनीतिक दल ने उसका इस्तेमाल किया। इसलिए असली परीक्षा अब जांच एजेंसियों की है–कहानी में कौन कितना सच बोल रहा है, कौन सिर्फ सौदा बेचने के लिए हवा बना रहा है और पैसा वास्तव में कहां से आ रहा है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वोट असली होता है। उसे नकली नोटों से खरीदने की कोशिश जितनी बड़ी हो, जवाब भी उतना ही साफ होना चाहिए–नकली करेंसी की जांच हो, नेटवर्क की तह तक पहुंचा जाए और चुनावी धन के हर संदिग्ध रास्ते की पड़ताल हो।

वरना कल को चुनावी नारा कुछ यूं हो सकता है–'वोट आपका, नोट हमारा... बस नोट असली होने की गारंटी कोई नहीं देगा !'

## नजरिया

# बच्चे को चुप कराने का मोबाइल अब खुद कर रहा है शोर

बोध प्रकाश सगुणी



कभी बच्चे के रोने पर मां उसे गोद में उठाती थी, पिता उसे कंधे पर बैठाकर बाहर ले जाते थे और दादी कोई कहानी सुनाकर बहला देती थीं। अब बच्चा रोता है तो मोबाइल सामने कर दिया जाता है। खाना नहीं खाता तो मोबाइल पर वीडियो चला दिया जाता है। माता–पिता व्यस्त हैं तो मोबाइल बच्चे का अस्थायी पालक बन जाता है। बच्चा चुप हो गया तो घर में राहत की सांस ली जाती है। समस्या यह है कि यह राहत कितनी महंगी पड़ेगी, इसका हिसाब उस समय किसी ने नहीं लगाया।

मोबाइल ने पालन–पोषण का काम आसान जरूर किया, लेकिन कई घरों में यह सुविधा धीरे–धीरे ऐसी आदत बन गई, जिसे छुड़ाना अब परिवारों के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। बच्चों में देर से बोलने, आंखों से संपर्क कम करने, सामाजिक मेलजोल घटने, अत्यधिक सक्रियता और व्यवहार संबंधी परेशानियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। विशेषज्ञ इन लक्षणों को कई बार ज्यादा स्क्रीन समय से जोड़कर देखते हैं। हालांकि 'वर्चुअल ऑटिज्म' शब्द को लेकर चिकित्सा जगत में स्पष्टता और मानकीकरण की जरूरत भी सामने आती है। यही कारण है कि इस पूरे विषय को सनसनी नहीं, गंभीरता से समझने की जरूरत है।

विडंबना देखिए, जिस मोबाइल को माता–पिता ने बच्चे को चुप कराने के लिए हाथ में दिया था, वही मोबाइल अब बच्चे से दूर करना सबसे मुश्किल काम बन गया है। भोपाल की मायरा इसका उदाहरण है। रोती थी तो मोबाइल दे दिया जाता था। वह चुप हो जाती थी। धीरे–धीरे मोबाइल उसका साथी बन गया। आज वही परिवार उसे स्क्रीन से दूर करने के लिए थेरेपी की राह पर है।

यह केवल मायरा की कहानी नहीं है। भोपाल के आरिश को सवाल पूछने पर वही सवाल दोहराने की आदत है। खाना मोबाइल या टीवी के बिना मुश्किल होता है। किसी दूसरे बच्चे ने बोलना कम कर दिया, किसी ने लोगों को पहचानना छोड़ दिया, तो किसी में व्यवहार संबंधी परेशानियां बढ़ गईं। इन कहानियों में मोबाइल अकेला दोषी है या नहीं, यह चिकित्सकीय मूल्यांकन का विषय है, लेकिन इतना जरूर है कि बच्चों के बचपन में स्क्रीन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। और यहां से व्यंग्य शुरू होता है।

हमने आधुनिक पालन–पोषण का नया फार्मूला बना लिया है–बच्चा रोए तो मोबाइल, खाना न खाए तो मोबाइल, परेशान करे तो मोबाइल और माता–पिता को समय चाहिए तो फिर मोबाइल। यानी बच्चे को पालने की जिम्मेदारी धीरे–धीरे बैटरी और इंटरनेट के हवाले कर दी गई। फर्क सिर्फ इतना है कि मोबाइल की बैटरी खत्म होने पर चार्जर मिल जाता है, लेकिन बच्चे की आदत बिगड़ने पर कोई आसान चार्जर नहीं मिलता।

कोरोना काल में परिस्थितियां अलग थीं। स्कूल बंद थे, घरों में कैद जिंदगी थी और ऑनलाइन पढ़ाई जरूरी हो गई थी। बच्चों का स्क्रीन से संपर्क बढ़ना स्वाभाविक था। लेकिन महामारी खत्म होने के बाद भी अगर मोबाइल बच्चों की दिनचर्या का स्थायी हिस्सा बना रहा तो हमें रुककर सोचना होगा कि सुविधा कब निर्भरता में बदल गई।

सबसे गंभीर सवाल सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर है। देशभर में बच्चों की शुरुआती जांच और हस्तक्षेप के लिए बनाए गए जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र यानी डीईआईसी मौजूद हैं। लेकिन पड़ताल की तस्वीर बताती है कि कई जगह भवन हैं तो कर्मचारी नहीं, कर्मचारी हैं तो पर्याप्त जगह नहीं, जगह है तो जरूरी उपकरण नहीं। कहीं कमरे बंद हैं, कहीं सेंटर दो कमरों में सिमटा है और कहीं कागजों पर सेंटर मौजूद है, लेकिन जमीन पर सेवाएं शुरू नहीं हुईं।

भोपाल में कई पद खाली हैं। राजस्थान में सेंटर के संचालन को लेकर स्थिति अधूरी है। बिहार में जरूरी सुविधाओं की कमी बताई गई। दिल्ली में भी चिकित्सकीय और चिकित्सकीय–सहायक कर्मियों की कमी सामने आई। दूसरी ओर लखनऊ जैसे केंद्रों में रोजाना बच्चों की बड़ी संख्या पहुंच रही है। सवाल सीधा है–जब बच्चों और अभिभावकों को शुरुआती मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब व्यवस्था इतनी धीमी क्यों है?

बच्चों के विकास से जुड़ी समस्याओं में शुरुआती पहचान और समय पर सहायता महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में महीनों तक कर्मचारी की नियुक्ति न होना केवल प्रशासनिक देरी नहीं, किसी परिवार के इंतजार का लंबा होना भी है। जिस कमरे पर ताला लगा है, उसके बाहर कोई मां अपने बच्चे की बारी का इंतजार कर रही होती है–यह बात फाइलों में शायद दर्ज नहीं होती।

दूसरी बड़ी समस्या आंकड़ों की है। अगर स्क्रीन से जुड़े व्यवहार और विकास संबंधी मामलों को अलग से समझने के लिए स्पष्ट मानक ही नहीं होंगे, तो समस्या का वास्तविक आकार कैसे सामने आएगा? और जब समस्या का आकार ही स्पष्ट नहीं होगा तो उसके लिए नीति, प्रशिक्षण, बजट और संसाधन कैसे तय होंगे?

लेकिन सारी जिम्मेदारी सरकार की भी नहीं है। घर की भूमिका सबसे बड़ी है। माता–पिता को यह समझना होगा कि मोबाइल बच्चे की नैनी नहीं है। वह मनोरंजन का साधन है, पालन–पोषण का विकल्प नहीं। बच्चे को समय चाहिए, बातचीत चाहिए, खेल चाहिए, नींद चाहिए, किताब चाहिए, मिट्टी चाहिए और सबसे ज्यादा इंसानी साथ चाहिए।

यह भी जरूरी है कि हर बोलने में देरी या व्यवहार परिवर्तन को तुरंत किसी एक बीमारी का नाम न दे दिया जाए। ऐसे लक्षणों के कई कारण हो सकते हैं और सही आकलन प्रशिक्षित विशेषज्ञ ही कर सकते हैं। सोशल मीडिया के वीडियो देखकर खुद निदान करना समस्या को और उलझा सकता है।

असल सुधार मोबाइल छीन लेने से भी नहीं होगा। यदि बच्चे को अचानक स्क्रीन से दूर कर दिया और उसकी जगह बातचीत, खेल और परिवार का समय नहीं दिया, तो संघर्ष बढ़ेगा। जरूरत संतुलन की है–स्क्रीन का समय सीमित हो, उम्र के अनुरूप हो और माता–पिता बच्चे के साथ वास्तविक दुनिया में भी उतना ही समय बिताएं। हमने बच्चों को चुप कराने के लिए मोबाइल दिया था। अब वक्त है कि उनकी आवाज फिर से सुनें।

क्योंकि बचपन को 'स्क्रीन टाइम' में नहीं, साथ बिताए गए समय में मापा जाना चाहिए। मोबाइल स्मार्ट हो सकता है, लेकिन बच्चे को बड़ा करने का काम अब भी इंसानों को ही करना पड़ेगा।

## विचार विंडो

# युद्ध की राख से शांति का संसार कैसे बने?

राम प्रकाश शर्मा

21 सितंबर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस बार ऐसे दौर में आया है, जब दुनिया के कई हिस्से युद्ध, हिंसा और अविश्वास की आग में झुलस रहे हैं। रूस–यूक्रेन युद्ध का लंबा खिंचना, गाजा में जारी मानवीय संकट और अमेरिका–इजराइल तथा ईरान के बीच बढ़ा सैन्य तनाव यह सवाल सामने खड़ा करता है कि आखिर युद्धों की इस राख से शांति का नया संसार कैसे बनाया जाए? यह सवाल केवल राष्ट्राध्यक्षों, सेनाओं और कूटनीतिज्ञों के लिए नहीं, पूरी मानवता के सामने है।

युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी कीमत अक्सर वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध शुरू करने या उसे रोकने के फैसले में कोई योगदान नहीं होता। सैनिक मोर्चे पर लड़ते हैं, लेकिन नागरिकों के घर उजड़ते हैं, बच्चे स्कूल छोड़ते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार खत्म होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होकर शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नष्ट नहीं करता, वह आने वाली पीढ़ियों के सपनों और विकास की संभावनाओं को भी घायल करता है।

संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष शांति दिवस के लिए 'शांति में निवेश करें–सभी के लिए, हर जगह, हर दिन' का संदेश दिया है। यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शांति का अर्थ केवल युद्ध का रुक जाना नहीं है। भय से मुक्ति, सम्मानजनक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समान अवसर और न्यायपूर्ण व्यवस्था भी शांति के ही आधार हैं। जहां भूख, असमानता, भेदभाव और निराशा गहरी होगी, वहां




स्थायी शांति की नींव कमजोर ही रहेगी।

आज दुनिया को सबसे पहले युद्ध के विकल्प के रूप में संवाद को स्वीकार करना होगा। युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत कठिन हो सकती है, लेकिन युद्ध से निकलने का रास्ता अंततः बातचीत की मेज से ही निकलता है। युद्धविराम, मानवीय गलियारे, नागरिकों की सुरक्षा, कैदियों की अदला–बदली और राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति जैसे कदम तत्काल राहत दे सकते हैं। लेकिन स्थायी समाधान के लिए केवल शक्तिशाली देशों की बातचीत पर्याप्त नहीं होगी। क्षेत्रीय देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, नागरिक समाज और प्रभावित समुदायों की आवाज को भी शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनाना होगा।

दूसरा बड़ा सवाल हथियारों की होड़ का है। दुनिया अपनी सुरक्षा के नाम पर सैन्य क्षमता बढ़ाने में भारी संसाधन खर्च करती है। सुरक्षा जरूरी है, लेकिन क्या सुरक्षा का अर्थ केवल अधिक हथियार है? यदि संसाधनों का बड़ा हिस्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलवायु संरक्षण और युद्धग्रस्त क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में लगाया जाए तो संघर्ष की अनेक जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। भूख और बेरोजगारी से जूझते समाज में शांति केवल भाषणों से नहीं आएगी।

तीसरा रास्ता अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनाने का है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का मूल उद्देश्य ही अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना था। बदलती दुनिया में बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका और मजबूत होनी चाहिए। निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और निष्पक्षता के बिना अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में विश्वास कायम करना कठिन होगा। कूटनीति, मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय कानून को युद्ध की भाषा से ऊपर स्थान देना होगा।

भारत की परंपरा इस दिशा में दुनिया को एक अलग दृष्टि देती है। पंचशील के सिद्धांत शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व, संप्रभुता के सम्मान और पारस्परिक सहयोग की बात करते हैं। महावीर की अहिंसा, बुद्ध की करुणा और गांधी का सत्य–अहिंसा दर्शन यह बताते हैं कि शक्ति का सर्वोच्च प्रदर्शन विनाश नहीं, बल्कि संयम है। आधुनिक विश्व में इस सोच को आदर्शवादी कहकर खारिज करने के बजाय इसे व्यावहारिक कूटनीति के साथ जोड़ने की जरूरत है।

शांति केवल सरकारों की जिम्मेदारी भी नहीं है। परिवार में संवाद, विद्यालयों में सहिष्णुता, समाज में भाईचारा और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार भाषा–ये सब शांति की बुनियादी इकाइयां हैं। सोशल मीडिया के दौर में झूठी सूचनाएं, घृणा और उकसाने वाली भाषा सामाजिक तनाव को तेजी से बढ़ा सकती है। इसलिए डिजिटल शांति भी आज की दुनिया की आवश्यकता बन चुकी है। बच्चों और युवाओं को यह सिखाना होगा कि मतभेद का उत्तर हिंसा नहीं, तर्क और संवाद है। सफेद कबूतर शांति का प्रतीक जरूर है, लेकिन अब प्रतीकों से आगे बढ़ने का समय है। युद्ध रोकने के लिए कूटनीति चाहिए, नागरिकों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून चाहिए, पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता चाहिए और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग चाहिए। किसी एक देश की सुरक्षा दूसरे देश की स्थायी असुरक्षा पर आधारित नहीं हो सकती। किसी क्षेत्र में भड़की आग ऊर्जा, व्यापार, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था तक पहुंचती है।

मानव ने विज्ञान की मदद से अंतरिक्ष की सीमाएं पार कर ली हैं। उसने समुद्र की गहराइयों को नापा और प्रकृति के अनेक रहस्यों को समझा है। अब चुनौती अपने भीतर की हिंसा पर विजय पाने की है। युद्ध की राख से शांति का संसार तभी बनेगा, जब हथियारों से अधिक विश्वास, शक्ति से अधिक संवाद और प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग में निवेश किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें केवल युद्धविराम की कामना करने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह याद दिलाता है कि शांति एक दिन का संकल्प नहीं, निरंतर जीवन–पद्धति है। शांति सम्मेलन कक्षों में जितनी जरूरी है, उतनी ही परिवार, विद्यालय, समाज और डिजिटल दुनिया में भी। दुनिया को युद्ध से केवल विराम नहीं चाहिए, उसे ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें युद्ध की जरूरत ही कम होती जाए। यही शांति का स्थायी रास्ता है।

# साई सुदर्शन फिर करेंगे ओपनिंग आस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ होगी परीक्षा

### श्रीलंका में जड़े थे दो शतक

### पैर की चोट के बाद वापसी पर नजर




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू होने वाले चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मुकाबले में इंडिया ए के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरेंगे। पैर में फ्रैक्चर के कारण क्रिकेट से दूर रहने के बाद वापसी कर रहे सुदर्शन के प्रदर्शन पर चयनकर्ताओं की नजर रहेगी। मुकाबला मंगलवार से शुरू होगा।

सुदर्शन ने भारत के लिए अब तक सात टेस्ट खेले हैं और इनमें नंबर तीन पर बल्लेबाजी की है। हालांकि, इंडिया ए के श्रीलंका दौरे पर उन्होंने पारी की शुरुआत की थी और दो प्रथम श्रेणी मैचों में 132 तथा 168 रन की शानदार पारियां खेली थीं। चोट के बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में करीब छह सप्ताह पुनर्वास किया है। अब ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ उनकी फिटनेस और बल्लेबाजी फॉर्म दोनों की परीक्षा होगी। भारतीय टेस्ट टीम में तीसरे सलामी बल्लेबाज के विकल्प को लेकर चयनकर्ता नजर बनाए हुए हैं। सुदर्शन के अलावा अमन मोखाडे भी इस दौड़ में हैं। इंडिया-ए की कप्तानी देवदत्त पडिक्कल संभाल रहे हैं, जिन्होंने श्रीलंका दौरे पर दो शतक लगाए थे। ऐसे में सुदर्शन के लिए ओपनिंग में प्रभाव छोड़ना महत्वपूर्ण होगा।

ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में सैम कॉन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, पीटर हैंड्सकॉम्ब, टॉड मर्फी और झे रिचर्डसन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। यह मुकाबला दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए लाल गेंद क्रिकेट में अपनी दावेदारी मजबूत करने का अवसर है। भारतीय चयनकर्ता रिजर्व स्पिनर के विकल्पों पर भी नजर रखेंगे। तनुष कोटियन सहित कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। इंडिया ए के इस दौरे का एक उद्देश्य आगामी न्यूजीलैंड दौरे के लिए संभावित खिलाड़ियों को भी परखना है।

# एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत की झोली में आये चार मेडल

### शूटिंग में हिमांशु ढिल्लों और रुद्राक्ष पाटिल ने जीते सिल्वर-ब्रॉन्ज

### सुचिका बनीं एमएमए में पदक जीतने वाली पहली भारतीय



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 के दूसरे दिन भारत ने कई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मेडल अपने नाम किए। शूटिंग के पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में हिमांशु ढिल्लों ने 252.4 अंक के साथ सिल्वर और रुद्राक्ष बालासाहब पाटिल ने 230.9 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। चीन के शेंग लिहाओ ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सुचिका तरियाल ने महिलाओं की 60 किग्रा ट्रेडिशनल टटअ स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। सेमीफाइनल में उन्हें सिंगापुर की तेओ हुइ हून से 2-0 से हार मिली, लेकिन वह एशियन गेम्स में एमएमए में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। इसके अलावा भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने जापान को 49-23 से हराया, जबकि टेबल टेनिस में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से मात दी। बैडमिंटन में भी भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज की।

# प्रकाश राज ने सीएम विजय के यूके दौरे का बचाव किया

### सरकार के कामकाज पर निष्कर्ष निकालने से पहले विजय को समय दिया जाना चाहिए



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय के यूके दौरे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच प्रकाश राज ने उनका बचाव किया है। विजय हाल ही में यूके के सिल्वरस्टोन में आयोजित ली मैन्स कप रेस के दौरान अभिनेता और दोस्त अजित कुमार को सपोर्ट करने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री तृषा भी उनके साथ मौजूद थीं।


विदेश यात्रा को लेकर विजय की आलोचना हुई, जिस पर प्रकाश राज ने कहा कि विदेश जाना और दोस्त से मिलना गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि विदेश यात्रा का उद्देश्य पूरा हुआ या नहीं।

प्रकाश राज ने विजय की सरकार के कामकाज पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें कम से कम एक साल का समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले विजय को लेकर उन्हें कुछ शंकाएं थीं, लेकिन वह चुनाव जीतकर सरकार बना चुके हैं और अभी करीब 120 दिन ही हुए हैं। प्रकाश राज के मुताबिक, बाद में सरकार के कामकाज के आधार पर सवाल किए जा सकते हैं। अंगूठी देने की योजना भी घोषित की है।

# 16 की उम्र में युग देवगन की फिटनेस ने खींचा ध्यान

### अजय देवगन ने साझा किया बेटे का जिम वीडियो

### वेटेड पुल-अप्स करते दिखे




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन के 16 वर्षीय बेटे युग देवगन इन दिनों अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में हैं। अजय ने सोशल मीडिया पर युग के जिम वर्कआउट का वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वेटेड पुल-अप्स करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में युग जिम में काफी एकाग्रता के साथ अभ्यास करते दिखे। अजय ने कैमरे के पीछे से बेटे के इस वर्कआउट को रिकॉर्ड किया। वीडियो में युग कमर पर वेटलिफ्टिंग बेल्ट बांधकर अतिरिक्त वजन के साथ पुल-अप्स करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी फिटनेस और नियमित व्यायाम के प्रति रुचि वीडियो में साफ नजर आती है।

युग की फिटनेस का वीडियो ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में उनका 16वां जन्मदिन मनाया गया था। जन्मदिन पर अजय ने बेटे के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए मजाकिया अंदाज में उसे अपना 'छोटा शरारती' बताया था। अजय और काजोल के दो बच्चे हैं, बेटी न्यासा और बेटा युग। युग आमतौर पर कैमरों और सोशल मीडिया की सुर्खियों से दूर रहते हैं। इस बीच अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यमः द कन्क्लूजन' को लेकर भी चर्चा में हैं।

फिल्म में वह एक बार फिर विजय सालगांवकर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# नंगे पैर लालबागचा राजा पहुंचे रितेश जेनेलिया

### भारी भीड़ के बीच पहुंचे सितारे

### जेनेलिया के पर्पल परिधान ने खींचा ध्यान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गणेशोत्सव के दौरान लालबागचा राजा के दर्शन के लिए बॉलीवुड सितारों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। अभिनेता रितेश देशमुख और अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी सोमवार को बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे। दोनों भारी भीड़ के बीच नंगे पैर पंडाल तक गए और गणपति की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जेनेलिया के हाथ में बप्पा को चढ़ाने के लिए नारियल भी नजर आया।

पंडाल में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी तथा आयोजन टीम के सदस्य उनके साथ मौजूद रहे। जेनेलिया ने इस दौरान अपने सोशल मीडिया पर दर्शन की झलक भी साझा की।

दर्शन के लिए जेनेलिया ने गहरे पर्पल रंग का कढ़ाईदार अनारकली सूट पहना था। मैचिंग पजामा और दुपट्टे के साथ उन्होंने ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर झुमके और बिंदी से अपना पारंपरिक लुक पूरा किया। वहीं रितेश सफेद कुर्ता-पायजामा में नजर आए।

लालबागचा राजा मुंबई के प्रमुख गणपति पंडालों में शामिल है और गणेशोत्सव के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस साल पंडाल की सजावट में भगवान शिव से प्रेरित थीम और विशाल त्रिशूल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# 'टॉलीवुड की रेखा' मिथु मुखर्जी का निधन, 71 की उम्र में कैंसर से हारीं जंग

### बंगाली और हिंदी सिनेमा में बनाई पहचान, प्रसेनजीत चटर्जी समेत फिल्म जगत ने जताया दुख



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बंगाली सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मिथु मुखर्जी का 71 साल की उम्र में निधन हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह करीब एक साल से बीमार थीं और मुंबई के एक अस्पताल में कैंसर का इलाज चल रहा था। 1970 और 1980 के दशक में बंगाली फिल्मों में अपनी पहचान बनाने वाली मिथु को उनके दौर में 'टॉलीवुड की रेखा' भी कहा जाता था।

उन्होंने उत्तम कुमार और सौमित्र चटर्जी जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया। मिथु ने 1972 में 'शेष पर्व' से फिल्मी सफर शुरू किया और 'मरजीना अब्दुल्ला', 'निशि कन्या', 'मौचाक', 'स्वयंसिद्धा' और 'आश्रिता' जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने 'खान दोस्त', 'सफेद झूठ', 'दिल्लगी' और 'दो लड़के दोनों कड़के' जैसी हिंदी फिल्मों में भी अभिनय किया। 1990 की 'आश्रिता' उनकी आखिरी फिल्म रही। निधन पर प्रसेनजीत चटर्जी ने शोक जताया।

# टुक टुक बल्लेबाज निकला वीरेंद्र सहवाग का बेटा

### आर्यवीर सहवाग ने 48 गेंद में बनाएं 47 रन

### नौ चौके लगाए, लेकिन स्ट्राइक रेट 100 के नीचे रहा




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग इन दिनों इंडिया अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रहे हैं। सीरीज के दूसरे मुकाबले में आर्यवीर ने 48 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाए, लेकिन एक भी छक्का नहीं लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 97.92 रहा।

आर्यवीर ने लक्ष्य रायचंदानी के साथ भारतीय पारी की शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती ओवरों में संभलकर बल्लेबाजी की। लक्ष्य 29 गेंदों पर 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्यवीर भी तेजी से रन बनाने में सफल नहीं रहे और 48 गेंदों का सामना करने के बाद रन आउट हो गए। आर्यवीर के लिए इस सीरीज का पहला मुकाबला भी बहुत प्रभावी नहीं रहा था। पहले यूथ वनडे में उन्होंने 26 गेंदों पर 28 रन बनाए थे। दूसरे मुकाबले में उन्होंने नौ चौकों की मदद से 47 रन जरूर बनाए, लेकिन पारी की गति अपेक्षाकृत धीमी रही।

आर्यवीर के आउट होने के बाद भारतीय मध्यक्रम ने पारी को संभाला। यशवर्धन चौहान ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 100 गेंदों पर 122 रन बनाए। उनकी पारी में 15 छक्के और दो चौके शामिल रहे। वहीं वीके विनीथ ने 92 गेंदों पर 87 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। दोनों की पारियों की बदौलत भारत अंडर-19 ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 341 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। आर्यवीर की बल्लेबाजी पर उनके पिता वीरेंद्र सहवाग की आक्रामक शैली से तुलना स्वाभाविक है, लेकिन युवा बल्लेबाज का अपना खेल अभी विकसित होने के दौर में है।

# खतरों के खिलाड़ी-15 डेट का हुआ ऐलान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फिनाले की तारीख का ऐलान कर दिया है। शो का सेमी फिनाले 26 और 27 सितंबर को होगा, जिसमें बचे हुए आठ कंटेस्टेंट्स में से सिर्फ पांच फाइनल में पहुंचेंगे। टॉप 5 में जगह बनाने के लिए करण वाही, रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी, अविनाश मिश्रा, हर्ष गुजराल, फराना भट्ट, ओरी और रूहानिका धवन के बीच मुकाबला होगा।

# यूपी में अखिलेश के खिलाफ कई शहरों में लगे विवादित पोस्टर

## आजम, अतीक और मुख्तार की तस्वीरों के साथ लगाए नारे

## सपा कार्यकर्ताओं ने कई जगह पोस्टर उतारकर जताया विरोध




**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के खिलाफ कई शहरों में पोस्टर लगाए गए। लखनऊ मेरठ, गाजीपुर, मुरादाबाद, गोंडा समेत कई स्थानों पर लगे पोस्टरों में अखिलेश यादव के साथ आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की तस्वीरें लगाई गईं। पोस्टरों पर सपा शासन को लेकर आपत्तिजनक और आरोपात्मक नारे लिखे गए। पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति या संगठन की आधिकारिक पहचान सामने नहीं आई है।

पोस्टर सामने आने के बाद कई जगह सपा कार्यकर्ताओं ने इन्हें हटा दिया। मुरादाबाद और गोंडा में कार्यकर्ताओं के पोस्टर फाड़ने की जानकारी सामने आई, जबकि अयोध्या में प्रशासन ने भी कुछ पोस्टर हटवाए।

सपा नेताओं ने पोस्टर अभियान को राजनीतिक मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा पर कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि सपा की वापसी होने पर अपराधी तत्व फिर प्रभावी हो सकते हैं। इन आरोपों पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।




# अखिलेश फिर शुरू करेंगे कन्या विद्याधन, छात्राओं को 50 हजार

## सपा सरकार बनने पर 12वीं पास छात्राओं को मिलेगा लाभ

## लैपटॉप समेत महिलाओं के लिए कई योजनाओं का ऐलान



**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 में सपा की सरकार बनने पर कन्या विद्याधन योजना फिर शुरू करने का दावा किया है। प्रस्तावित योजना के तहत 12वीं पास छात्राओं को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात कही गई है।

इसके साथ ही छात्राओं को लैपटॉप देने का भी वादा किया गया है। यह योजना पहले मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में शुरू हुई थी और अखिलेश यादव सरकार के दौरान इसकी सहायता राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये की गई थी।

अखिलेश यादव हाल के महीनों में महिलाओं और युवाओं से जुड़ी कई योजनाओं की घोषणा कर चुके हैं। इनमें महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये की सहायता देने वाली प्रस्तावित योजना और कारोबार के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता शामिल है। अगस्त में उन्होंने समाजवादी पेंशन योजना दोबारा शुरू करने की घोषणा भी की थी।

सपा की ओर से छात्राओं को लैपटॉप और स्मार्टफोन देने, ग्रामीण छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने तथा महिलाओं के लिए विशेष अवकाश जैसी घोषणाएं भी सामने आई हैं। इन प्रस्तावों को पार्टी के 2027 विधानसभा चुनाव से पहले घोषित किए जा रहे एजेंडे के हिस्से के तौर पर देखा जा रहा है।

इन योजनाओं पर वित्तीय बोझ और क्रियान्वयन को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का 2026-27 का बजट 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

# नितिन नबीन बोले-रील नहीं रियल जिंदगी जिएं युवा



## नशे और शॉर्टकट से दूर रहकर लक्ष्य पर ध्यान देने की सलाह

## मेरठ में 25 बुलडोजरों से फूल बरसाकर हुआ स्वागत

**यूनिक समय, मेरठ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर मेरठ पहुंचे। सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों से नशे और शॉर्टकट से दूर रहने की अपील की। नबीन ने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया की रील की बजाय वास्तविक जीवन में अपने लक्ष्य और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने की बात कही।

मेरठ पहुंचने पर काशी टोल प्लाजा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नबीन का स्वागत किया। रिपोर्टों के अनुसार, स्वागत में करीब 25 बुलडोजर लगाए गए और फूलों की वर्षा की गई। ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए। इसके बाद नबीन सुभारती विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे।

युवा संवाद के बाद पश्चि मी उत्तर प्रदेश के शक्ति केंद्र संयोजकों और मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक हुई। इसमें बूथ और शक्ति केंद्र स्तर की तैयारियों पर चर्चा की गई। नबीन का यह दौरा 21 और 22 सितंबर को मेरठ और सहारनपुर में विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के तहत हो रहा है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती में एक अंक विवाद, अभ्यर्थियों का धरना



## नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बेसिक निदेशालय घेरा

## न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग पर अड़े अभ्यर्थी

**यूनिक समय, लखनऊ।** 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में एक अंक के विवाद को लेकर अभ्यर्थियों ने सोमवार को लखनऊ में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बेसिक शिक्षा निदेशालय कार्यालय के बाहर जुटे और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की। उनका आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। अभ्यर्थियों के अनुसार, विवादित प्रश्न के उत्तर को लेकर न्यायालय ने एक अंक बढ़ाने का आदेश दिया था। उनका दावा है कि इस प्रक्रिया के तहत 2249 अभ्यर्थी पात्र पाए गए थे, लेकिन सभी को नियुक्ति नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर चयन प्रक्रिया में समानता नहीं बरतने का आरोप लगाया और नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की।

अभ्यर्थियों का कहना है कि मामला लंबे समय से विभागीय और न्यायिक प्रक्रिया में लंबित है। वहीं, 69 हजार शिक्षक भर्ती से जुड़े अन्य आरक्षण और चयन संबंधी विवाद भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर स्पष्ट निर्णय नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

# पति ने पत्नी को तमंचे से गोली मारी, हालत गंभीर

**यूनिक समय, हरदोई।** बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कोइलहा गांव में सोमवार तड़के पति ने पत्नी को तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल महिला को एंबुलेंस से हरदोई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ स्थित केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, कोइलहा गांव निवासी गंभीर यादव की शादी करीब 15 वर्ष पहले सीतापुर जिले के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी साधना से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। इनमें 14 वर्षीय काजल, 11 वर्षीय रौनक और चार वर्षीय रूही शामिल हैं। बताया गया कि पति-पत्नी बच्चों के साथ अलग रहते थे।

घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने उन्हें भी धमकाया। इसके बाद वह मौके से भाग निकला। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## जनता दर्शन में योगी सख्त, छोटी घटनाओं पर भी रखें नजर

# अधीनस्थ की लापरवाही पर भी करें कार्रवाई : सीएम



## डीएम-एसपी मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की सुनवाई करें

## पुलिस-राजस्व शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलों में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं पर भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं नजर रखें। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचें, पीड़ित की बात सुनें और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले लोग छोटी घटनाओं को बड़ा रूप देने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और राजस्व से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने प्रशासन, पुलिस, राजस्व और बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने को कहा। पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंद मरीजों के इलाज की व्यवस्था करने और भूमाफिया व दबंगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी स्तर के अधिकारियों को नियमित रूप से जनसमस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करने को कहा। किसी अधीनस्थ की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मां के साथ आए एक बच्चे से पढ़ाई के बारे में पूछा और उसे चॉकलेट दी। बच्चे ने चॉकलेट वापस करने से इनकार कर दिया, जिससे वहां मौजूद लोगों के बीच हल्का-फुल्का माहौल बन गया।

## प्रतापगढ़ कोतवाली के बाथरूम में युवक ने फंदा लगाया

**यूनिक समय प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब 22 वर्षीय युवक अर्जुन की बाथरूम में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार युवक अपनी प्रेमिका के पीछे-पीछे कोतवाली पहुंचा था। पुलिस युवती को बरामद कर थाने लाई थी। इसी दौरान युवक भी वहां पहुंच गया। बताया जा रहा है कि युवक के खिलाफ दूसरी बार प्राथमिकी दर्ज होने से वह नाराज था। वह बाथरूम जाने की बात कहकर वहां गया। कुछ देर बाद उसके फंदा लगाने की जानकारी सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर भी भारी पुलिस बल के साथ पट्टी कोतवाली पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार, इससे पहले भी युवती के बयान के आधार पर युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# छात्र आत्महत्या मामले में डीन की कुर्सी गई, प्रोफेसर दूल्ला निलंबित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईआईटी बॉम्बे में दूसरे वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या के मामले में संस्थान ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला की डीन (प्रशासनिक मामले) पद की जिम्मेदारी निलंबित कर दी गई है। संस्थान के निदेशक की ओर से छात्रों को भेजे गए ई-मेल के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई। हालांकि, प्रोफेसर के खिलाफ लगाए गए आरोपों और छात्र की मौत के बीच संबंध की जांच अभी जारी है।

20 वर्षीय साहिल वाकोडे की मौत के बाद उनके पिता की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में छात्र को कथित तौर



पर परेशान किए जाने और परीक्षा के दौरान जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल जैसे आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस ने इन आरोपों को फिलहाल जांच का विषय माना है। मामले की जांच मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दी गई है। आईआईटी बॉम्बे

## मोबाइल इस्तेमाल को लेकर हुआ था विवाद

## पिता की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

के अनुसार, साहिल ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्र थे। 18 सितंबर को हुई मध्यावधि परीक्षा के दौरान उन्हें परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था। संस्थान का कहना है कि छात्र ने प्रश्नपत्र को चैटजीपीटी पर डालकर उसके उत्तर हासिल करने का प्रयास किया था। हालांकि, संस्थान के अनुसार उस समय छात्र के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी।

वहीं, आईआईटी बॉम्बे फैकल्टी फोरम ने प्रोफेसर दूल्ला का समर्थन किया है। फोरम के मुताबिक, परीक्षा के दौरान प्रोफेसर संस्थान के नियमों के अनुसार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। फोरम ने मोबाइल के इस्तेमाल को शैक्षणिक अनियमितता बताते हुए प्रोफेसर के प्रति समर्थन जताया और छात्र के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पुलिस अब छात्र की मौत से पहले के घटनाक्रम, परीक्षा से जुड़े विवाद और परिवार की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सोमनाथ मंदिर और भाजपा कार्यालय को मिली बम धमाके की धमकी

## फर्जी ईमेल की सूचना से मचा हड़कंप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और अहमदाबाद के खानपुर स्थित भाजपा कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। दोनों स्थानों को ईमेल के जरिए धमकी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और संबंधित स्थानों पर जांच शुरू की गई।

पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा टीमों ने भी तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, जांच के दौरान किसी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर धमकी भरे ईमेल को फर्जी बताया है। अधिकारियों का कहना है कि ईमेल के स्रोत और इसे भेजने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है। साइबर टीम भी मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# नंदीग्राम प्रत्याशी मिलन प्रधान पहुंचे हाईकोर्ट



## गिरफ्तारी के खिलाफ दी याचिका, 22 सितंबर को सुनवाई

## 2007 के मामलों में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। उनकी याचिका पर मंगलवार, 22 सितंबर को सुनवाई प्रस्तावित है। प्रधान फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

मिलन प्रधान को 18 सितंबर को पूर्व मेदिनीपुर के चंडीपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उनके खिलाफ 2007 के नंदीग्राम हिंसा से जुड़े मामलों में लंबे समय से गैर-जमानती वारंट लंबित थे। पुलिस ने गिरफ्तारी को ऐसे वारंटों की तामील के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा बताया है।

पुलिस के अनुसार, प्रधान पर हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, साक्ष्य मिटाने, घर में घुसने और हथियार कानून समेत कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद हल्दिया अदालत ने उन्हें 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

अब प्रधान के वकील ने हाईकोर्ट में पांच अन्य मामलों में संभावित कार्रवाई से संरक्षण की मांग की है। अदालत ने याचिका दाखिल करने की अनुमति देते हुए मंगलवार को सुनवाई तय की है। नंदीग्राम में उपचुनाव 6 अक्टूबर को होना है और प्रचार की अंतिम तारीख 4 अक्टूबर है।

कांग्रेस ने गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल उठाए हैं, जबकि पुलिस इसे लंबित वारंटों की कानूनी प्रक्रिया बता रही है।

# राज ठाकरे पर रील बनाना पड़ा भारी, युवक से मंगवाई माफी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे में मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी वाली रील बनाने के मामले में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ कथित दुर्व्यवहार का वीडियो सामने आया है। वीडियो में महेश मोटे हाथ जोड़कर राज ठाकरे, मनसे और पार्टी पदाधिकारियों से माफी मांगते दिखाई दे रहे हैं।

आरोप है कि मनसे कार्यकर्ताओं ने मोटे के चेहरे पर काली स्याही पोती और राज ठाकरे की तस्वीर के सामने दंडवत कराया। इसके बाद उनके सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक भी कराई गई। वीडियो में मोटे रोते हुए दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात कहते नजर आ रहे हैं।

मनसे के हडपसर विधानसभा क्षेत्र के उपविभाग अध्यक्ष शुभम जगदाले ने दावा किया कि मोटे ने करीब 15 दिन पहले राज ठाकरे के खिलाफ कथित

## चेहरे पर कालिख पोती फोटो के सामने दंडवत कराया

## सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक कराने का आरोप

आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए रील बनाई थी। जगदाले के अनुसार, मोटे के पुणे लौटने की जानकारी मिलने पर कार्यकर्ता कात्रज पहुंचे और उन्हें अपने कार्यालय ले गए। जगदाले ने घटना को 'मनसे स्टाइल' बताते हुए 'महाप्रसाद' शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में यह स्पष्ट नहीं है कि पुलिस ने कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है या नहीं। पुलिस कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

# हैदराबाद में लिफ्ट हादसा युवक को डेढ़ घंटे बाद बचाया

## दो मंजिलों के बीच फंसा रहा युवक, पैर में फ्रैक्चर

## हाइड्रोलिक कटर से लिफ्ट काटकर बाहर निकाला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के हैदराबाद स्थित मूसेपेट में लिफ्ट से बाहर निकलते समय 40 वर्षीय मुरली हादसे का शिकार हो गए। लिफ्ट अचानक ऊपर जाने से उनका पैर फंस गया और वह दूसरी और तीसरी मंजिल के बीच लटक गए। करीब 90 मिनट की मशक्कत के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

जानकारी के अनुसार, मुरली पत्नी के साथ भूतल से दूसरी मंजिल पर पहुंचे थे। बाहर निकलते समय किसी ने तीसरी मंजिल का बटन दबा दिया। आरोप है कि सेंसर में खराबी के कारण लिफ्ट अचानक ऊपर चली गई। उस समय मुरली का एक पैर लिफ्ट के अंदर और दूसरा लैंडिंग पर था, जिससे वह फंस गए।

सूचना मिलने पर हैदराबाद डिजास्टर रिस्पॉन्स एंड एसेट प्रोटेक्शन



एजेंसी और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के लिए लिफ्ट की दीवार का हिस्सा तोड़ा गया और हाइड्रोलिक कटर की मदद ली गई। मुरली को सुबह करीब 10:50 बजे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

पिछले पांच महीनों में हैदराबाद में लिफ्ट हादसे का यह तीसरा मामला बताया जा रहा है। इससे पहले जून में उप्पल स्काईवॉक की लिफ्ट में एक युवक करीब दो घंटे फंसा था, जबकि मई में गच्चीबौली में लिफ्ट हादसे में पांच वर्षीय बच्ची की मौत हुई थी।


# दिल्ली में दस वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## स्टेशनरी लेने निकली थी बच्ची दुकान में वारदात

## पुलिस ने पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में किया केस दर्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के सदर बाजार इलाके में दस वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने 56 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना 16 सितंबर की रात की बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची रात करीब 11 बजे घर से नोटबुक, पेन और अन्य स्टेशनरी सामान खरीदने निकली थी। आरोप है कि दुकानदार उसे बहला-फुसलाकर पास की दुकान में ले गया। वहां कथित तौर पर उसके हाथ-पैर बांधकर यौन शोषण किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और



जांच शुरू की। बच्ची की शिकायत के आधार पर उत्तर जिले के महिला थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो अधिनियम और गलत तरीके से बंधक बनाने से संबंधित धाराएं लगाई हैं। पुलिस ने आरोपी की पहचान मकसूद के रूप में की है। गिरफ्तारी के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है। बच्ची की पहचान कानून के तहत गोपनीय रखी गई है।

इस घटना से कुछ दिन पहले स्वरूप नगर इलाके में भी नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# जमुई वायरल वीडियो पर पुलिस का बड़ा एक्शन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के जमुई में बाइक सवार नाबालिग युवक-युवती को रास्ते में रोककर युवती के साथ कथित अभद्र व्यवहार का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामला टाउन थाना क्षेत्र के मड़वा गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना 19 सितंबर की शाम करीब सात बजे की है। वायरल वीडियो में कुछ लोग बाइक सवार युवक-युवती को घेरते दिखाई दे रहे हैं। युवती हाथ जोड़कर उन्हें जाने देने की अपील करती



नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर जांच शुरू की।

जमुई के एसपी विश्वजीत दयाल के अनुसार, वीडियो की जांच के बाद पुलिस पीड़ितों तक पहुंची और उनका बयान दर्ज किया।

## तीन आरोपी गिरफ्तार अन्य की पहचान में जुटी पुलिस

## राहुल गांधी ने पॉक्सो के तहत की कार्रवाई की मांग

शुरुआती जांच में वीडियो में छह-सात लोगों के दिखाई देने की बात सामने आई है। पुलिस ने मड़वा गांव निवासी मिथिलेश, प्रमोद और गोलू को गिरफ्तार किया है। तीनों की उम्र करीब 24 से 26 वर्ष बताई गई है। पुलिस अब वीडियो में नजर आ रहे अन्य लोगों की पहचान और घटना में उनकी भूमिका की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता के बयान और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घटना के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वीडियो में दिखाई दे रहे सभी लोगों की पहचान होनी चाहिए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने घटना को लेकर बिहार सरकार से भी सवाल किए।

वहीं, भाजपा ने कहा कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है।

# नाला निर्माण के दौरान मिट्टी की ढाय गिरी, दो मजदूरों की मौत



### तीन मजदूर मलबे में दबे, साथियों ने हाथों से शुरू किया बचाव

### जेसीबी से मलबा हटाकर निकाले गए मजदूर, तीसरे का अस्पताल में चल रहा उपचार

**यूनिक समय, आगरा।** सिकंदरा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को नाला निर्माण के दौरान मिट्टी की ढाय अचानक भरभराकर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य में जुटे तीन मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूरों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर पुलिस को सूचना दी। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीसरे मजदूर का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। नाले की दीवार के निर्माण के लिए मजदूर सरिया लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी की ढाय दरक गई और वहां काम कर रहे तीन मजदूर मलबे में दब गए। तेज आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे।


उन्होंने बिना समय गंवाए हाथों से मिट्टी हटाकर बचाव शुरू किया। प्रयास के दौरान एक मजदूर को जल्दी बाहर निकाल लिया गया।

इसी बीच पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया।

जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया और नीचे दबे दोनों अन्य मजदूरों को भी बाहर निकाला गया। तीनों मजदूरों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे का उपचार जारी है।

हादसे में जान गंवाने वाले दोनों मजदूरों के शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य से जुड़े लोगों से जानकारी ली। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

जांच में यह भी देखा जा रहा है कि नाले की दीवार के पास मिट्टी की ढाय अचानक क्यों गिरी और निर्माण के दौरान मजदूरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे या नहीं। पुलिस ने घटना से जुड़े तथ्यों और सुरक्षा मानकों की भी पड़ताल शुरू कर दी है।




# फिरोजाबाद में 13 लेखपालों के तबादले

### डीएम की मंजूरी के बाद एडीएम ने जारी किया स्थानांतरण आदेश

### सभी लेखपालों को नई तैनाती पर तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** राजस्व विभाग में प्रशासनिक आधार पर 13 लेखपालों के तबादले किए गए हैं। जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद अपर जिलाधिकारी ने स्थानांतरण आदेश जारी किया। आदेश के तहत कई लेखपालों की तहसील बदली गई है। सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और संबंधित कर्मचारियों को नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश के अनुसार अतल शर्मा, उमेश बघेल, अनिल कुमार और ललितेश कुमार को टूंडला से जसराना भेजा गया है। प्रीति शर्मा को टूंडला से फिरोजाबाद तथा हिगांशी भारंगर को टूंडला से सिरसागंज तहसील भेजा गया है। गौरव यादव और देवेंद्र कुमार का सिरसागंज से जसराना तबादला किया गया है। रिजवाना सिद्दीकी को सिरसागंज से शिकोहाबाद भेजा गया है। जसराना में तैनात विवेक कुमार को टूंडला भेजा गया है।

वहीं ओमकार, सोमेश शर्मा और जगत प्रकाश को जसराना से सिरसागंज में नई तैनाती दी गई है। प्रशासन ने सभी लेखपालों को बिना विलंब नई तैनाती पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। आदेश की प्रतियां संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों समेत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं।

# गणेश पंडाल के बाहर दो गुट भिड़े, जमकर हुआ पथराव

### लड़की से बातचीत को लेकर विवाद के बाद थप्पड़ मारने का आरोप

### 25 युवकों के साथ पहुंचकर किया हमला, पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा


**यूनिक समय, आगरा।** सदर थाना क्षेत्र के शहजादी मंडी में रविवार रात गणेश पंडाल के बाहर दो गुटों में विवाद के बाद पथराव हो गया। घटना रात करीब 11 बजे की बताई गई है। उस समय पंडाल में भजन-कीर्तन चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान ताजगंज क्षेत्र से 20-25 युवक लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से विवाद के बाद मारपीट शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इसके बाद लाठी-डंडे चलने लगे और ईंट-पत्थर फेंके गए। पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कीर्तन कर रहे लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों के घरों में छिपने की बात भी सामने आई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पंडाल में मौजूद लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया था। पुलिस दोनों को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम लकी और देव बताए।

पुलिस के अनुसार, युवकों ने बताया कि शनिवार रात जागरण के दौरान वे एक परिचित लड़की से बात कर रहे थे। इसी दौरान प्रवेश और मनीष ने उनसे पूछताछ की और कथित तौर पर दोनों को थप्पड़ मारे। युवकों ने इसी का बदला लेने के लिए साथियों के साथ हमला करने की बात कही। पुलिस मामले की जांच कर रही है और एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# एलकेजी छात्रा से मारपीट, बाल उखाड़ने का आरोप, शिक्षिका निलंबित



### मामूली शरारत पर बच्ची को पीटने का परिजनों ने लगाया आरोप

### स्कूल प्रबंधन ने शिकायत के बाद की कार्रवाई, पुलिस को शिकायत नहीं

**यूनिक समय, हाथरस।** रुहेरी स्थित एक निजी स्कूल में एलकेजी की छात्रा से मारपीट और उसके बाल उखाड़ने के आरोप में स्कूल प्रशासन ने शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि शनिवार को कक्षा में मामूली शरारत करने पर शिक्षिका ने छात्रा के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने स्कूल पहुंचकर नाराजगी जताई और शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गढ़ी नंदराम निवासी राजेश सोलंकी की बेटी मायरा सोलंकी स्कूल में छर्ङ की छात्रा है। परिजनों के मुताबिक, कक्षा में बच्ची से मामूली शरारत हो गई थी। आरोप है कि इससे नाराज शिक्षिका ने उसके साथ मारपीट की और बाल भी खींचे। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से मामले की शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल प्रशासन ने आरोपी शिक्षिका को निलंबित कर दिया। प्रबंधन की ओर से कार्रवाई के बाद परिजनों ने राहत जताई, हालांकि उन्होंने घटना को लेकर नाराजगी भी व्यक्त की। थाना हाथरस गेट के क्राइम इंस्पेक्टर आदित्य शंकर तिवारी के अनुसार, छात्रा से मारपीट के मामले में पुलिस को अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 20 साल से फरार 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### साधु समेत अलग अलग भेष बदलकर मथुरा-वृंदावन में छिपता रहा आरोपी

### चार जिलों में हत्या के प्रयास, लूट समेत 45 मुकदमे दर्ज

**यूनिक समय, हाथरस।** हाथरस पुलिस ने करीब 20 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश नीरेश उर्फ नीरे उर्फ श्यामपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे सोमवार सुबह करीब 11 बजे सादाबाद-राया बॉर्डर से पकड़ा। आरोपी वर्ष 2006 में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वारंट जारी होने के बाद से फरार था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में पहचान बदलकर रह रहा था। वह कभी साधु का भेष बनाता तो कभी दूसरे रूप में ठिकाने बदलता रहता था। पुलिस लंबे समय से उसके संभावित ठिकानों और गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

पुलिस ने पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई। सर्विलांस सेल की तकनीकी मदद और डिजिटल डाटा के विश्लेषण के साथ ऐप का भी इस्तेमाल किया गया। कई दिनों की पड़ताल के बाद पुलिस को आरोपी के बारे में सुराग मिला। इसके बाद सादाबाद पुलिस ने सादाबाद-राया बॉर्डर पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक नीरेश सादाबाद थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हाथरस, मथुरा, आगरा और अलीगढ़ में 45 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। वर्ष 2006 के गैंगस्टर एक्ट मामले में उसकी गिरफ्तारी के लिए कुर्की की कार्रवाई भी की जा चुकी थी। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

# आगरा में कांग्रेस का पैदल मार्च, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



### शहर की समस्याओं को लेकर सरकार पर साधा निशाना

### जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, पानी, सड़क नोटिस और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे उठाए

**यूनिक समय, आगरा।** शहर की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सुभाष पार्क से एमजी रोड होते हुए कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मार्च में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

प्रदेश सचिव एवं बृज जोन प्रभारी कुणाल चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सुभाष पार्क पर एकत्र हुए। यहां से पैदल मार्च शुरू हुआ। कार्यकर्ता एमजी रोड से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहर में पेयजल, सड़क, जाम और गड्ढों सहित कई समस्याओं को उठाया। कांग्रेस नेताओं ने बापू नगर और पचकुइयां खेड़ा में गरीब परिवारों को मिले नोटिस का मुद्दा भी उठाया। कुणाल चौधरी ने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी के दावों के बावजूद शहर के कई इलाकों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। उन्होंने पानी की समस्या, खराब सड़कों और किसानों से जुड़ी समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए इन मामलों की जांच की मांग की। महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि प्रदर्शन का उद्देश्य आगरा की जनसमस्याओं को प्रशासन के सामने रखना है। उन्होंने पचकुइयां खेड़ा में गरीबों के घरों पर कार्रवाई और बापू नगर में करीब 200 परिवारों को मिले नोटिस का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेताओं ने गरीब परिवारों को राहत देने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई से जुड़े एक मामले का भी उल्लेख किया और निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना था कि जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से समस्याओं के समाधान और गरीब परिवारों के खिलाफ कार्रवाई पर पुनर्विचार की मांग की।